संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | देहरादून, सोमवार, 13 मई 2024 ₹ 1 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 131 पृष्ठः 08 | RNI : UTTHIN/2009/31653

actionindiaddn@gmail.com | उत्तराखण्ड संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



बदरीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 6 बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं।

## कांग्रेस को मिलेंगी 'शहजादे' की उम्र से भी कम सीटें: मोदी

● देश ने 10 साल में देखा है कि मोदी की मजबूत सरकार ही देशहित में है, जनहित में है। तीन चरण के चुनाव पूरे हो चुके हैं: पीएम

**निशाना साधा**

**यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आई हैं। मैं आप सभी का आभारी हूं। मौजूदा चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है : मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के हुगली में चुनावी जनसभा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि शहजादे की जितनी उम्र है उससे भी कम सीटें कांग्रेस को मिलेंगी। उन्होंने कहा कि यहां इतनी बड़ी संख्या में माताएं-बहनें भी आई हैं। मैं आप सभी का आभारी हूं। मौजूदा चुनाव देश का नेतृत्व चुनने का चुनाव है और देश की जनता का आशीर्वाद सिर्फ भाजपा के साथ है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश ने 10 साल में देखा है कि मोदी की मजबूत सरकार ही



देशहित में है, जनहित में है। तीन चरण के चुनाव पूरे हो चुके हैं। चौथे चरण का मतदान कल होने वाला है। तीन चरण के चुनाव के बाद मैं विश्वास से कह सकता हूं कि भाजपा और एनडीए 400 पार कर के ही रहेंगे। अब 400 पार ये नारा नहीं है, ये 400 पार देश के कोटि-कोटि लोगों का संकल्प बन चुका है। उन्होंने कहा कि भाजपा-नीत एनडीए को तो आप 400 पार करा ही देंगे लेकिन ये कांग्रेस के जो शहजादे हैं ना उनकी जितनी उम्र है कांग्रेस को उससे भी कम सीटें मिलने वाली हैं। इससे साफ है कि आपने दमदार सरकार बनाई और भारत का दम पूरी दुनिया में दिख रहा है। सामान्य तौर पर हमारे परिवार में जो बड़ा होता है उसकी इच्छा होती है कि वो मरने के बाद बच्चों को कोई तकलीफ ना हो, बच्चे दुखी ना हो, बच्चे मुसीबत ना पड़ें इसलिए परिवार का मुखिया परिवार के बच्चों के लिए कुछ छोड़कर जाना चाहता है। अपने वारिस को कुछ देकर जाना चाहता है, लेकिन मोदी का वारिस कौन है, मेरे वारिस तो आप सब देशवासी हैं। आप ही मेरा परिवार हैं, आप ही मेरे वारिस हैं। आपके अलावा इस दुनिया में मेरा कुछ भी नहीं है। इसलिए मैं भी मेरे इस परिवार के बच्चों के लिए विकसित भारत बना करके उनके हाथ में देना चाहता हूं।

### तृणमूल कहती है हर घर बम: पीएम मोदी

**तृणमूल** पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि विकास के लिए भाजपा के प्रयासों के बीच तृणमूल अपने कामों में व्यस्त है और उसके काम क्या हैं। यहां माफियाराज चल रहा है। मोदी कहता है हर घर जल और तृणमूल कहती है हर घर बम। कुछ दिन पहले ही एक बम फट गया और बच्चों की जीवन चला गया। माताओं-बहनों, बेटियों का तो यहां जीवन मुश्किल हो गया है। संदेशखाली में ये क्या कर रहे हैं पूरा देश देख रहा है। तृणमूल संदेशखाली में हर हथकंडा अपना रही है लेकिन मैं आप सभी को ये गारंटी देता हूं, तृणमूल का कोई भी अत्याचारी बचने नहीं पाएगा। तृणमूल ने बंगाल के युवाओं के साथ विश्वासघात किया है।

### पीएम किसान योजना से किसानों को मिल रहा लाभ

**भाजपा** के वरिष्ठ नेता मोदी ने कहा कि किसान बंगाल की बड़ी ताकत हैं, पीएम किसान योजना से किसानों को लाभ मिल रहा है। अब भाजपा ने आलू और प्याज उगाने वाले किसानों के लिए बड़ी घोषणा की है। हम विशेष क्लस्टर बनाने जा रहे हैं, जिसका सीधा लाभ यहां के किसानों को होगा। रेलवे को लेकर इतना काम हो रहा है। यहां देश की पहली अंडर वाटर मेट्रो बन गई लेकिन यहां इनवेस्टमेंट लाने के लिए, नौकरी लाने के लिए ये टीएमसी वालों की कमीशन कंपनी रुकावटें पैदा करती है। उनको सबक सीखाने के लिए ही ये चुनाव हो रहा है। ये सबक कौन सिखाएगा। ये काम आपका एक वोट करेगा।

## मुस्लिम लीग की भाषा बोल रहे हैं उद्धव ठाकरे: भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई:** भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं विधायक नीतेश राणे ने रविवार को कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेता इस समय मुस्लिम लीग जैसी ही भाषा बोल रहे हैं। यह भाषा देश में नहीं है। नीतेश राणे ने रविवार को मुंबई में पत्रकारों से कहा कि उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के नेताओं की भाषा देश के लिए खतरे की घंटी है। उद्धव ठाकरे की ओर से प्रधानमंत्री मोदी के प्रति हमेशा की जा रही आलोचना देश के नागरिकों को बर्दाश्त नहीं हो रही है। उद्धव ठाकरे और इंडी अघाड़ी के हाल ही के भाषणों से लगने लगा है कि यह लोग कर्नाटक पैटर्न पूरे देश में लागू करना चाहते हैं।
इससे राज्य एसटी, एससी और ओबीसी का हक छीना जा सकता है। भाजपा उद्धव ठाकरे की इस कुटिल साजिश को सफल नहीं होने देगी।

**आदर्श विचार**



"हे पार्थ, तुम फल की चिंता मत करो, अपना जरुरी कर्म करते रहो, में फल जरूर दूंगा।"
- भगवत गीता

**मन की बात**



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
-स्वामी विवेकानंद

## 'कांग्रेस सत्ता में आई तो कश्मीर में फिर से लागू होगा अनुच्छेद 370'

**प्रतापगढ़:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को भाजपा उम्मीदवार एवं मौजूदा सांसद विनोद सोनकर को जिताने की अपील की। अमित शाह ने चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आई तो कश्मीर में अनुच्छेद 370 को फिर से लागू कर देगी। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने अपने वादे के मुताबिक कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हमेशा के लिए हटा दिया है लेकिन कांग्रेस और उसके सहयोगी दल इसको पचा नहीं पा रहे हैं। शाह ने कहा कि तीसरे चरण में ही भाजपा 200 सीटों के करीब पहुंच गई है। चौथे चरण में ढाई सौ सीटों तक पहुंच जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने देश से आतंकवाद, नक्सलवाद को समाप्त किया है। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी विनोद सोनकर के लिए वोट मांगा और कहा कि इन्हें तीसरी बार संसद भेजकर क्षेत्र का विकास कराने का कार्य करें।

## सीमा पर शांति से ही सुधरेंगे संबंध: जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लद्दाख की गलवान घाटी में भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं। सैन्य गतिरोध के बाद से दोनों देशों में कई बार शांति वार्ता हुई, लेकिन उसका कोई हल नहीं निकल पाया। अब चीन के साथ संबंधों पर विदेश मंत्री एस जयशंकर का बयान सामने आया है।
**सीमा पर शांति से ही सुधरेंगे संबंध:** जयशंकर ने कहा कि चीन के साथ हम सभी शेष मुद्दों के समाधान की उम्मीद करते हैं और इस बात पर जोर दिया कि सामान्य द्विपक्षीय संबंधों की वापसी सीमा पर



शांति पर ही निर्भर करती है। समाचार एजेंसी पीटीआई को दिए एक विशेष साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को तरजीह दी जा रही है उनमें "गश्ती अधिकार" और "गश्ती क्षमता" शामिल है। एक

**शांति**

**भारत और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद से दोनों देशों के संबंध बुरे दौर से गुजर रहे हैं**

पत्रिका से बातचीत में प्रधानमंत्री मोदी की टिप्पणियों पर विवाद पर पूछे जाने पर जयशंकर ने कहा कि उन्होंने इस मामले पर केवल एक बड़ा दृष्टिकोण प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि भारत को उम्मीद है कि चीन के साथ सभी मुद्दों पर समाधान हो जाएगा। ये
**जयशंकर ने माना- चीन के साथ सामान्य नहीं है संबंध:** जयशंकर ने आगे कहा कि चीन के साथ हमारे रिश्ते सामान्य नहीं हैं क्योंकि सीमावर्ती इलाकों में शांति भंग हो गई है। पीएम मोदी का साफ कहना है कि चीनी पक्ष को यह एहसास होना चाहिए कि मौजूदा स्थिति उसके हित में नहीं है। मोदी ने कहा था कि सीमा की स्थिति पर तत्काल बातचीत करने की जरूरत है और भारत और चीन के बीच स्थिर और शांतिपूर्ण संबंध न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र और दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम को ईडी का समन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रांची:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को समन जारी किया है। आलमगीर आलम को 14 मई को पूर्वाह्न 11:00 बजे ईडी के एयरपोर्ट रोड स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में बुलाया गया है। मंत्री आलमगीर आलम को उनके पीएस के यहां से मिले लगभग 35 करोड़ रुपये को लेकर समन जारी किया गया है। ईडी ने गत छह मई को छापेमारी के दौरान मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर के यहां से 35.23 करोड़ रुपये नकदी बरामद किए थे।

## केजरीवाल ने दी 10 गारंटी, बिजली, पानी पर फोकस



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनाव जीतने पर 10 गारंटी पूरा करने का वादा किया। मुख्यमंत्री ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार देने की बात कही। साथ ही जीएसटी और अग्निवीर से मुक्ति दिलाने का भी वादा किया। केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ रविवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता की और 10 गारंटियों का जिक्र किया। पूरे देश में 24 घंटे सातों दिन बिजली जिसमें गरीबों को मुफ़्त बिजली दी जाएगी। देश के हर गांव-मोहल्ले में विश्वस्तरीय सरकारी स्कूल बनाकर सभी बच्चों के लिए मुफ़्त शिक्षा का इंतजाम किया जाएगा। देश के हर ज़िले में

**वादा**

**मुख्यमंत्री केजरीवाल ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार देने की बात कही**

विश्वस्तरीय अस्पताल और गांव-मोहल्ले में मोहल्ला क्लीनिक बना कर मुफ़्त इलाज दिया जाएगा। केजरीवाल ने कहा कि चीन द्वारा कब्जा की भारत की जमीन छुड़वाने के लिए सेना को पूरी स्वतंत्रता दी जाएगी। अग्निवीर योजना बंद कर-के सभी अग्निवीरों को पक्का किया जाएगा। स्वामीनाथन आयोग के मुताबिक ही सभी फसलों पर एमएसपी निर्धारित कर किसानों को फसलों का पूरा दाम दिया जाएगा।

## गांधी परिवार ने रायबरेली में विकास नहीं होने दिया: शाह



**टीम एक्शन इंडिया**

**रायबरेली:** भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में रायबरेली पहुंचे देश के गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मैं बहन प्रियंका का भाषण सुन रहा था उन्होंने कहा मैं परिवार से वोट मांगने आई हूं बात तो सही है रायबरेली वालों ने सालों से गांधी नेहरू परिवार को जिताया मगर 5 साल तक यहां से चुनकर जाने के बाद गांधी परिवार ने यहां आकर नहीं देखा। अमित शाह ने प्रियंका गांधी का नाम लेते हुए कहा कि यह घर परिवार आपका है लेकिन हमारा भाई दिनेश हर जगह पहुंचा है। उन्होंने कहा कि आज यहां शहजादे वोट मांगने

**घेरा**

**70 साल से गांधी परिवार धारा 370 को गोदी में लेकर बैठा था- हमने हटाने का किया काम**

आए हैं। इतने साल साल से आप लोग वोट दे रहे हो। सांसद निधि से आपको क्या मिला है? मैं पूरा हिसाब लेकर आया हूं। अगर खर्च नहीं हुआ तो कहां गया है। पूरे यूपी में पीएम मोदी ने विकास की बहार चलाई है। मगर गांधी परिवार विकास को रायबरेली में घुसने नहीं दे रहा है।

## मानसिक संतुलन खो बैठे हैं केजरीवाल: शिवराज

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अग्रिम जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। जेल से निकलने के बाद से ही वे हमलावर हो गए हैं और केन्द्र सरकार पर आरोप लगाते हुए जमकर बयानबाजी कर रहे हैं। अब उनके इन आरोपों पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा है



कि अरविंद केजरीवाल जेल में पहुंचने के बाद अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। अभी बेल पर हैं और केवल चुनाव तक के लिए हैं। शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि भारतीय जनता पार्टी के हम कार्यकताओं के लिए राजनीति पद प्राप्ति या स्वार्थों की सिद्धि का माध्यम नहीं है। देश की सेवा के लिए हम राजनीति करते हैं और जनता की भलाई और विकास के लिए हम राजनीति करते हैं। पूरी प्रामाणिकता, मेहनत और ईमानदारी से हम करते हैं।

## श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

**टीम एक्शन इंडिया**

**बदरीनाथ :** ग्रीष्मकलीन दर्शन के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 6 बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। पहले दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो गई है।
बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाड़ों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत-नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## प्रज्ज्वल मामले में सीबीआई जांच से इनकार

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेंगलुरुः कर्नाटक** सरकार ने यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे जद (एस) के सांसद प्रज्वल रेवन्ना मामले की जांच सीबीआई से कराने से इनकार कर दिया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने रविवार को कहा कि उन्हें राज्य पुलिस की विशेष जांच टीम पर भरोसा है, जो मामले क जांच कर रही है। उन्होंने यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे प्रज्वल रेवन्ना मामले की जांच सीबीआई से कराने से इनकार कर दिया है। उन्होंने ऐसी मांग करने के भाजपा के अधिकार क्षेत्र पर सवाल उठाते हुए विपक्षी दल



से पूछा कि उसे पुलिस पर भरोसा क्यों नहीं है? उन्होंने "निष्पक्ष जांच" कर रही एसआईटी के बारे में लोगों के मन में भ्रम पैदा करने के उद्देश्य से भ्रामक बयान देने के लिए भगवा पार्टी पर भी

**यौन उत्पीड़न**

**राज्य पुलिस की विशेष जांच टीम पर भरोसा है, जो मामले क जांच कर रही है : मुख्यमंत्री सिद्धारमैया**

निशाना साधा। सिद्धारमैया ने भाजपा द्वारा सीबीआई जांच की मांग करने पर एक सवाल के जवाब में कहा, "हम अपनी पुलिस (एसआईटी) से जांच करा रहे हैं, हमें अपनी पुलिस पर भरोसा है। वे कुशल हैं।" यहां पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि भाजपा ने एक बार सीबीआई को 'भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो' कहा था, और कांग्रेस की बार-बार मांग के बावजूद सत्ता में रहते हुए पार्टी ने कभी भी केंद्रीय एजेंसी को एक भी मामला नहीं सौंपा। उन्होंने आगे कहा, "ऐसा नहीं है कि मुझे सीबीआई पर भरोसा नहीं है, जिन मामलों को सौंपने की जरूरत है, उन्हें दिया जाएगा। जब मैं पहले मुख्यमंत्री था, तो मैंने सात मामले सीबीआई को दिए थे, लेकिन एक मामले में भी जांच निष्कर्ष तक नहीं पहुंचा और ना ही किसी को सजा मिली।"

## क्षमता से अधिक संख्या में यमुनोत्री धाम आ रहे श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशी:** चारधाम यात्रा के प्रथम पड़ाव यमुनोत्री धाम में यात्रा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाम में रातभर फंसे रहे। क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं पहुंचने से पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गये हैं।
पुलिस अधीक्षक ने रविवार को यमुनोत्री धाम की यात्रा की योजना बना रहे श्रद्धालुओं से फिलहाल यात्रा स्थगित करने की अपील की है।

**कन्फ्यूजन** राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर कांग्रेस और जजपा दोनों दल बुरी तरह से फंस गए हैं

## हरियाणा: फ्लोर टेस्ट के लिए विशेष सत्र बुलाएगी भाजपा

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** हरियाणा की अल्पमत में आई भाजपा सरकार को बर्खास्त करने तथा राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग कर कांग्रेस और जजपा दोनों दल बुरी तरह से फंस गए हैं। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने रविवार को संकेत दिए कि भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है और फ्लोर पर बहुमत साबित करने को तैयार है।
**88 सदस्यीय विधानसभा में बीजेपी के पास 45 विधायक**
इसके साथ ही राज्यपाल ने कांग्रेस



से अपने सभी 30 विधायकों के हस्ताक्षरों वाला पत्र देने को कहा है, ताकि राज्यपाल फैसला ले सकें कि उन्हें क्या करना है। हालांकि कांग्रेस ने राजभवन से अभी इस तरह के निर्देश जारी होने की पुष्टि नहीं की है। 88 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के पास फिलहाल 45 विधायकों का समर्थन हासिल है, जबकि जजपा व कांग्रेस अपनी पार्टी के सभी विधायकों व एक इनेलो व एक निर्दलीय विधायक को जोड़ते हुए भाजपा सरकार के अल्पमत में होने का दावा कर रहे हैं।

**पेंच फंसा**

**मनोहर लाल ने संकेत दिए कि भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव के बाद विधानसभा का विशेष सत्र बुला सकती है**

**कांग्रेस ने भी अपने साथ 30 विधायक होने का किया दावा:** पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सभी राजनीतिक अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि जजपा को वैसे तो भाजपा द्वारा बहुमत साबित करने की मांग नहीं करनी चाहिए थी, लेकिन जब उन्होंने कर ही दी तो हम तैयार हैं। उन्होंने कहा कि जजपा पूरी तरह से फूट का शिकार है। उसके छह विधायक हमारे संपर्क में हैं। जो फ्लोर पर भाजपा का साथ देंगे। इसी तरह, कांग्रेस ने भी अपने साथ 30 विधायक होने का दावा किया है, जो कि ठीक नहीं है। कांग्रेस के भी पांच से छह विधायक हमारे संपर्क में हैं, जो सरकार को अस्थिर करने के पक्ष में बिल्कुल भी नहीं हैं। मनोहर लाल ने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की ओर से राज्यपाल को दिया गया पत्र कोई अधिकृत पत्र नहीं है।

## सीएए लागू नहीं होने देंगे: ममता

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तर 24 परगना:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए एक राज्य से दूसरे राज्य का दौरा कर रहे हैं। रविवार को मोदी ने बंगाल में चार जनसभाएं की। इस दौरान उन्होंने बैरकपुर से भाजपा उम्मीदवार अर्जुन सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित किया और पांच गारंटी की बात कही जिनमें धर्म के आधार पर आरक्षण का न होना, रामनवमी का पालन और सीएए का कार्यान्वयन शामिल है। वहीं, आमडांगा में तृणमूल उम्मीदवार पार्थ भौमिक के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सीएए पर तंज कसते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि मतुआ पहले से ही



नागरिक हैं। आपने उनका वोट लिया है। शर्म कीजिए। याद रखें, यदि आप मतुआ को हाथ लगाएंगे तो आप मुझे भी हाथ लगाएंगे। उन्होंने कहा कि जब मैं यहां सभा की तैयारी कर रही थी, तब प्रधानमंत्री ने बैरकपुर के भाटपाड़ा में जनसभा को संबोधित किया। मैंने सुना है कि उन्होंने मोदी गारंटी के बारे में बात की है। उन्होंने कहा है कि सीएए लागू होगा, इसे

**विरोध**

**मतुआ पहले से ही नागरिक हैं। याद रखें, यदि आप मतुआ को हाथ लगाएंगे तो आप मुझे भी हाथ लगाएंगे**

कोई नहीं रोक सकता। मैं कहती हूं, मतुआओं के लिए कोई सीएए नहीं होगा। याद रखें, वे नागरिक हैं, उनके वोटों ने आपको जिताया है। अगर आपको नागरिकता देनी है तो बिना शर्त दें। मोदी ने कहा था कि अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षण (कोटा) होगा न कि धर्म के आधार पर।

# श्रद्धालुओं के जयकारों के बीच बदरीनाथ धाम के कपाट खुले

**बदरीनाथ/टीम एक्शन इंडिया**
ग्रीष्मकालीन दर्शन के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट शुभ मुहूर्त रविवार सुबह 6 बजे पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुल गए हैं। हजारों भक्त इस पावन पल के साक्षी बने। पहले दिन विशेष पूजा-अर्चना की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समस्त श्रद्धालुओं को बधाई दी है। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की विधिवत शुरुआत हो गई है।
बदरीनाथ धाम में ब्रह्म बेला पर सुबह चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। हल्की बारिश के बीच आर्मी बैंड एवं ढोल नगाड़ों की मधुर धुन और स्थानीय महिलाओं के पारम्परिक संगीत-नृत्य के साथ भगवान बद्री विशाल की स्तुति ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। सेना गढ़वाल स्काउट जोशीमठ के बैंड की भक्तिमय स्वर लहरियों सुर लहरियां तथा जय बदरीविशाल के उद्घोष से बदरीश पुरी गुंजायमान रही।

**बदरीनाथ धाम**
- मुख्यमंत्री ने श्रद्धालुओं को दी शुभकामनाएं
- पंद्रह क्विंटल फूलों से सजाया गया मंदिर२२



धार्मिक परंपराओं के निर्वहन के साथ कुबेर जी, श्री उद्धव जी एवं गाडू घडा दक्षिण द्वार से मंदिर परिसर में लाया गया। इसके बाद मंदिर के मुख्य रावल समेत धर्माधिकारी, हक हकूकधारी एवं श्री बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन एवं हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में विधि-विधान के साथ मंदिर के कपाट खोले गए।
मुख्य पुजारी वीसी ईश्वर प्रसाद नंबूदरी ने गर्भगृह में भगवान बद्रीनाथ की विशेष पूजा-अर्चना करते हुए सबके मंगल की कामना की। इसके साथ ही ग्रीष्मकाल के लिए बद्रीनाथ के दर्शन शुरू हो गए है। पहले दिन ही हजारों श्रद्धालुओं ने बद्रीनाथ में अखण्ड ज्योति एवं भगवान श्री बदरीनाथ के दर्शनों का पुण्य अर्जित किया।
कपाट खुलने के दौरान वेदवेदांग संस्कृत महाविद्यालय जोशीमठ के छात्रों व शिक्षकों ने श्री बदरीनाथ मंदिर सिंह द्वार पर स्वास्तिवाचन किया गया। बदरीनाथ पुष्प सेवा समिति ऋषिकेश की तरफ से बदरीनाथ मंदिर को भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था। मंदिर को 15 कुंतल फूलों से सजाया गया था। बदरीनाथ में कल रात से रुक-रुककर बारिश हो रही थी लेकिन आज कपाट खुलते समय हल्की बूंदाबांदी के बीच मौसम साफ रहा। समीपवर्ती पहाड़ियों पर बर्फ दिखाई दे रही थी।
इस अवसर पर दानीदाताओं तथा भारतीय सेना ने तीर्थयात्रियों के लिए भंडारे का आयोजन किया। माणा महिला मंगल दल द्वारा पारंपरिक चांचड़ी, चौंफुला नृत्य से भगवान बदरीविशाल एवं यात्रियों का स्वागत किया। जिला मुख्यालय से आये प्रादेशिक रक्षा दल के महिला बैंड की भी धूम रही। मंदिर समिति स्वयं सेवकों, पुलिस, आईटीबीपी, होमगार्ड द्वारा दर्शन व्यवस्था में पर्याप्त योगदान किया गया।
कपाट खुलने के एक दिन पूर्व ही बद्रीनाथ धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। गंगोत्री, यमुनोत्री, केदारनाथ एवं बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ उत्तराखंड में चारधाम यात्रा की शुरुआत हो गई है। अब छह माह श्रद्धालु दर्शन और पूजा कर सकेंगे।
कपाट खुलने के अवसर पर बदरी केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेन्द्र अजय, जिलाधिकारी हिमांशु खुराना, पुलिस अधीक्षक सर्वेश कुमार, सीडीओ अभिनव शाह, बीकेटीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी योगेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष किशोर पंवार, धर्माधिकारी राधा कृष्ण थपलियाल, एसडीएम चंद्रशेखर वशिष्ठ, ईओ सुनील पुरोहित सहित मंदिर समिति के अन्य पदाधिकारी, सदस्य, हक हकूकधारी एवं बडी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

### भू-बैकुंठ धाम में अन्य तीर्थ स्थलों पर भी जुटने लगी श्रद्धालुओं की भीड़-

बदरीनाथ मंदिर के कपाट खुलने के साथ ही भू-बैकुंठ धाम के आसपास तप्तकुण्ड, नारद कुण्ड, शेषनेत्र झील, नीलकंठ शिखर, उर्वशी मन्दिर, ब्रह्म कपाल, माता मूर्ति मन्दिर तथा देश के प्रथम गांव माणा, भीमपुल, वसुधारा जलप्रपात एवं अन्य ऐतिहासिक व दार्शनिक स्थलों पर भी श्रद्धालुओं व पर्यटकों की भीड़ जुटने लगी है।

### पिछले आठ साल में इतने यात्री पहुंचे बद्रीनाथ धाम-

विगत वर्षों में लाखों श्रद्धालु बद्रीनाथ की यात्रा कर चुके है। पिछले आंकड़ों पर नजर डाले तो वर्ष 2016 में 654355, वर्ष 2017 में 920466 तथा वर्ष 2018 में 1048051, वर्ष 2019 में 1244993 तथा वर्ष 2020 में 155055 श्रद्धालु बद्रीनाथ पहुंचे। वर्ष 2021 में कोरोना संकट के कारण 197997 श्रद्धालु ही बदरीनाथ पहुंचे। जबकि कोरोना महामारी पर नियंत्रण के बाद विगत वर्ष 2022 में 1763549 और 2023 में रिकार्ड 1839591 श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंचे। इस बार शुरुआत में ही रिकॉर्ड पंजीकरण के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालु बदरीनाथ पहुंचने लगे हैं।

## न्यूज फ्लैश

### डीएवी में धूमधाम से मना मातृ दिवस

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
डीएवी स्कूल हल्द्वानी में मातृ दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। शुभारंभ बच्चों द्वारा मां के प्रति प्यार और सम्मान प्रदर्शित करते हुए अनेक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों संग किया गया।
आर्ट ऑफ लिविंग की राखी पांडे, सेवानिवृत्त शिक्षिका ललिता शाह ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्य अमित जोशी ने कहा कि संसार में जितने भी रिश्ते हैं, उनमें मां का रिश्ता सबसे पवित्र और अमूल्य है।

### रक्तदान शिविर का विधायक सुमित ने किया शुभारंभ

**हल्द्वानी/टीम एक्शन इंडिया**
राजेंद्र नगर (वार्ड- 12) राजपुरा स्थित चामुंडा मंदिर जन मिलन केंद्र में मां चामुण्डा मानव विकास सेवा समिति द्वारा स्व. बालकिशन देवकी देवी चैरिटेबल ब्लड बैंक, हल्द्वानी के विशेष सहयोग से आयोजित रक्तदान शिविर का शुभारंभ हल्द्वानी विधायक सुमित हृदयेश ने रिबन कट करके किया।
विधायक सुमित ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में खून की डिमांड काफी ज्यादा रहती है। ऐसे समय में रक्तदान शिविर का आयोजन बहुत ही नेक कार्य है। नेक कार्य रक्तदान शिविर मे अपना अमूल्य सहयोग देने के लिये विधायक ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुवे आयोजक मंडल मां चामुण्डा मानव विकास सेवा समिति परिवार को सफल शिविर के लिये बधाई प्रेषित की। रक्तदान शिविर प्रातः 11:30 बजे से शुरू होकर अपराह्न 2:30 बजे तक चला और इस दौरान 25 लोगो ने रक्तदान किया।
इस दौरान समिति अध्यक्ष विक्रम रंधावा, मलय बिष्ट, राजेंद्र सिंह बिष्ट रज्जी, योगेश जोशी, सुमित कुमार, नेहा, त्रिलोक बनोली, अविनाश रंधावा, हरकेश सिंह, राजो टंडन, शशि आर्या, विरमा चैहान, बेनेट चरण, मनीष चैहान, प्रियांशु आर्य, श्याम बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।

### ईश्वर के बिना जीवन,जैसे नमक बिना व्यंजन : भारती

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
संसार अकालग्रस्त है। अकाल सिर्फ अन्न का, भोजन का ही मात्र नही हुआ करता अपितु ईश्वर की दिव्य महिमा को श्रवण करने की भावना का अकाल, प्रभु को तात्विक रूप से जानने की इच्छा का अकाल, पूर्ण गुरू की शास्त्र-सम्मत खोज करने की तीव्र उत्कंठा का अकाल, भगवान से सिर्फ भगवान को मांग लेने की प्रेम पूर्ण मांग का अकाल, अपने जन्म-मरण से मुक्त हो जाने के भाव का अकाल। यह अकाल अन्न के, भोजन के अकाल से भी कहीं बड़े और विकराल अकाल हैं क्योंकि जन्मों-जन्मों के कुचक्रों में फंसकर निरन्तर आवागमन में रत रहना और अपने मूल से बिछुड़कर संसार की माया में उलझे रहकर अनमोल मानव जीवन का नाश कर लेना, क्या इससे विकट कोई अन्य अकाल हो सकता है क्या? सृष्टि का सिरमौर कहे जाने वाले मनुष्य की यह त्रासदी नहीं तो और क्या है कि ईश्वर को छोड़ यह मानव अपना सम्पूर्ण जीवन ईश्वर की निरर्थक माया की गुलामी करते हुए ही नष्ट कर बैठता है। संसारिक वस्तुओं में कथित सुख की तलाश करता हुआ यह इंसान शाश्वत सुख और ईश्वरीय परमानन्द से सर्वथा वंचित रहते हुए जीवन की बाजी हारकर संसार से कूच कर जाता है। सारे सुख-साधन, सारी उपलब्धियां और समस्त संसाधन बिना परमात्मा को पाए ठीक इस प्रकार से हुआ करते हैं जिस प्रकार से अनेक सुस्वादु व्यजंन तैयार किये जायें, छप्पन प्रकार के भोज्य पदार्थ बनाये जाये लेकिन! उनमें नमक का सर्वथा अभाव हो, तो भला उन व्यंजनों का स्वाद आ पाऐगा? परमात्मा अगर जीवन में विद्यमान हैं तो उनकी बनायी समस्त वस्तुओं का कोई मोल है। भक्त और भगवान दोनों का सम्बन्ध बड़ा ही गहरा और उजला सम्बन्ध हुआ करता है। भक्त हर हाल में, प्रत्येक परिस्थिति में अपने प्रभु के साथ ठीक इस प्रकार से जुड़ा रहता है जैसे एक वृक्ष अपनी जड़ों की गहराई में स्वयं को जोड़े रखता है। हैरानी की बात है कि आज संसार पर यदि गहन दृष्टिपात करें तो दृष्टिगोचर होता है कि अधिकांश मानव अनुकूल स्थितियों में तो भक्त बने रहते हैं लेकिन जरा सी विपरीत परिस्थितियां आई नहीं कि विभक्त हो जाते हैं।

## फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
एक टॉवर के एक तल पर पुलिस ने छापा मारा था। पता चला था कि यहां एक फर्जी कॉल सेंटर चलाकर विदेशी लोगों को ठगा जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि टॉवर के इस तल पर अंदर हॉल में यह कॉल सेंटर चलाया जा रहा है। देहरादून के पटेलनगर क्षेत्र में चल रहे एक फर्जी इंटरनेशनल कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है।
मौके से दो संचालकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कॉल सेंटर के 15 कर्मचारियों को थाने लाकर पूछताछ की और उन्हें नोटिस देकर रिहा कर दिया। आरोपी खुद को माइक्रोसॉफ्ट का प्रतिनिधि दर्शाकर पहले विदेशी लोगों के कंप्यूटर में वायरस भेजते थे। इसके बाद इसे ठीक करने के नाम पर उनसे क्रिप्टो करेंसी व गिफ्ट कार्ड के रूप में फीस वसूलते थे। इस तरह इन आरोपियों ने विदेशी नागरिकों से करोड़ों रुपये की ठगी की है।एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि एक गोपनीय सूचना के आधार पर श्रीमहंत इंदिरेश अस्पताल के पास रिद्धिम टॉवर के एक तल पर छापा मारा गया था। पता चला था कि यहां एक फर्जी कॉल सेंटर चलाकर विदेशी लोगों को ठगा जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा कि टॉवर के इस तल पर अंदर हॉल में यह कॉल सेंटर चलाया जा रहा है।

## क्षमता से अधिक संख्या में यमुनोत्री धाम आ रहे श्रद्धालु

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा के प्रथम पड़ाव यमुनोत्री धाम में यात्रा के दूसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु जाम में रातभर फंसे रहे। क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं पहुंचने से पुलिस प्रशासन के हाथ-पांव फूल गये हैं। पुलिस अधीक्षक ने रविवार को यमुनोत्री धाम की यात्रा की योजना बना रहे श्रद्धालुओं से फिलहाल यात्रा स्थगित करने की अपील की है।




शनिवार को तीर्थयात्री अलग-अलग स्थानों पर भारी जाम में फंसे रहे। स्थिति को नियंत्रिण करने के लिए पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने आधी रात सड़कों पर उतरकर ट्रैफिक की कमान संभाली। एसपी यमुनोत्री हाइवे पर स्यानाचट्टी के पास जाम क्लियर करवाकर यात्रियों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने की कवायद में लगे रहे।
गौरतलब है कि यमुनोत्री धाम में पहले दिन क्षमता से अधिक 12129 श्रद्धालुओं ने मां यमुनोत्री धाम के दर्शन करने पहुंचे। इस आंकड़े में स्थानीय लोग गिनती में शामिल नहीं हैं। जबकि यात्रा के पहले दिन स्थानीय लोगों की अच्छी खासी तादाद थी। यमुनोत्री धाम की क्षमता महज नौ हजार श्रद्धालुओं की है।

**पुलिस की अपील- यमुनोत्री की यात्रा स्थगित करें श्रद्धालु**
यमुनोत्री धाम में पहले ही दिन क्षमता से अधिक श्रद्धालुओं के आने से हालात बिगड़ रहे हैं। उत्तरकाशी पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी ने यमुनोत्री धाम आने वाले श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि रविवार के लिए यमुनोत्री धाम पूरी तरह से भर चुका है इसलिए श्रद्धालु आज यमुनोत्री धाम की यात्रा स्थगित करें। उन्होंने कहा कि अब और अधिक श्रद्धालुओं को भेजना जोखिम भरा है। जो भी श्रद्धालु आज यमुनोत्री यात्रा पर आ रहे हैं, उनसे आज यमुनोत्री जी की यात्रा स्थगित करने की अपील की जा रही है।

## शराब तस्करी करते एक गिरफ्तार

**शराब बरामद**
- शराब तस्करी में लिप्त एक आरोपित के पास से आठ पेटी देसी शराब बरामद हुई है

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
शराब तस्करी में लिप्त एक आरोपित को तस्करी में प्रयुक्त कार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से आठ पेटी देसी शराब बरामद हुई है।
पुलिस ने श्यामपुर फाटक के पास से एक अभियुक्त को ऑल्टो कार रजिस्ट्रेशन नंबर यूए 07एस 6904 में कुल आठ पेटी देशी शराब माल्टा की तस्करी करते गिरफ्तार किया। अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया है।




## चमोली समेत अन्य जनपदों में हल्की बारिश की संभावना

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
मौसम विभाग ने पांच दिनी पूर्वानुमान में रविवार और सोमवार को कुछ स्थानों पर हल्की से बहुत हल्की बारिश की संभावना जताई है जबकि शेष दिनों में मौसम शुष्क रहेगा।
मौसम विभाग की जानकारी के अनुसार उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, पिथौरागढ़, बागेश्वर जनपदों में सोमवार को कहीं कहीं हल्की से बहुत हल्की वर्षा हो सकती है जबकि रविवार को देर शाम तक प्रदेश के सभी जनपदों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना है।

## संतों की मौजूदगी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी शंकराचार्य की जयंती



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
श्री आद्य जगद्गरु शंकराचार्य समिति के तत्वावधान में आज आदि शंकराचार्य की जयंती संतों, महंतों, मण्डलेश्वरों व भक्तों की मौजूदगी में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी गयी।
सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज के सानिध्य में शंकराचार्य चौक पर स्थित आदि शंकराचार्य भगवान के श्रीविग्रह का पूजन अर्चन किया गया। इसके पश्चात श्री सूरत गिरि बंगला गिरिशानंद आश्रम में आदि शंकराचार्य भगवान का पूजन हुआ। तत्पश्चात श्रीमानव कल्याण आश्रम में आदि शंकराचार्य भगवान को संतों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।
आदि शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित सभा की अध्यक्षता करते हुए समिति के अध्यक्ष महामण्डलेश्वर आचार्य स्वामी विश्वेश्वरानंद गिरि महाराज ने कहा कि आदि गुरु शंकराचार्य का जन्म 2531 वर्ष पूर्व केरल के कालड़ी गांव में ब्राह्मण परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम शिवगुरु और माता का नाम आर्यम्बा था। शिवगुरु शास्त्रों के ज्ञाता थे और उन्होंने अपने पुत्र का नाम शंकर रखा गया, जो आगे चलकर आदि शंकराचार्य कहलाए। वह बहुत ही कम उम्र में वेदों के जानकार और संन्यासी बन गए। मात्र 32 साल की उम्र में उन्होंने अपना देह त्याग दिया।
उन्होंने कहा कि भाष्यकार श्री आदि शंकराचार्य ने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धांत और हिन्दू संस्कृति को पुनर्जीवित करने का कार्य किया। साथ ही उन्होंने अद्वैत वेदान्त के सिद्धान्त को प्रतिपादित किया। उन्होंने धर्म के नाम पर फैलाई जा रही तरह-तरह की भ्रांतियों को मिटाने का काम किया।

## परशुराम अन्याय के खिलाफ एक मजबूत परिचायक थे: खंडूड़ी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि भगवान परशुराम अन्याय, अत्याचार के खिलाफ एक मजबूत परिचायक थे, जिन्होंने अपने दौर के अन्यायियों को दंडित कर आमजन के साथ न्याय किया। इसके अलावा उन्होंने राक्षसों से साधु-संतों की रक्षा की। उन्होंने कहा कि अपने ज्ञान, शौर्य और तपोबल से न्याय की स्थापना करने वाले भगवान परशुराम को मेरा कोटि कोटि नमन।



विस अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी सर्वे चौक के आईआरटीडी के सभागार में वैदिक ब्राह्मण सभा के 50 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रविवार को आयोजित परशुराम जयंती और स्मारिका विमोचन के समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के जन्मोत्सव की जन्म जयन्ती और स्मारिका विमोचन कार्यक्रम में प्रतिभाग कर उन्हें समाज सेवकों को सम्मानित करने और भगवान परशुराम जी को नमन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।
इस अवसर पर वैदिक ब्राह्मण सभा ने विधानसभा अध्यक्ष को भी सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने वैदिक ब्राह्मण सभा ने जन सेवा के क्षेत्र में किए गए कार्यों की सराहना की।
इस अवसर पर कैंट विधायक सविता कपूर ,टपकेश्वर महादेव के महंत कृष्णागिरी महाराज, कांग्रेस वरिष्ठ नेता लालचंद शर्मा, विनय नंदा, पार्षद नंदिनी शर्मा आदि उपस्थित थे।

## चारधाम यात्रा: बद्रीनाथ धाम में छह महीने से जल रही अखंड ज्योति के हुए दर्शन

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
वैदिक मंत्रोच्चारण और श्रीबद्री विशाल लाल की जयकारों के साथ रविवार को ब्रह्ममुहूर्त में बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलते ही पहले दर्शन अखंड ज्योति के हुए। यह छह माह से जल रही है। इसके बाद बद्रीनाथ पर चढ़ा हुआ घी से बना कंबल हटाया गया। जो छह महीने पहले कपाट बंद होने के समय भगवान को ओढ़ाया जाता है। इस कंबल को प्रसाद रूप में बांटा जाएगा। मंदिर के कपाट पिछले साल 14 नवंबर को बंद हुए थे यानी 179 दिन बाद बद्रीनाथ के कपाट खोले गए। बद्रीनाथ धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम हुई। इससे पहले केदारनाथ धाम में भी कपाट खुलने पर पहली



पूजा मोदी के नाम हुई थी। दरअसल, प्रधानमंत्री मोदी का देवभूमि उत्तराखंड से खास लगाव है। इस तरह चारधाम यात्रा की विधिवत शुरूआत हो गई है।

**बाबा बद्रीनाथ ने सुबह दो घंटे दिए बिना श्रृंगार वाले निर्वाण दर्शन-**
चारधाम तीर्थ पुरोहित पंचायत के महासचिव डॉ. ब्रजेश सती ने बताया कि सुबह छह से आठ बजे तक भगवान के बिना श्रृंगार के दर्शन किए गए, जिसे निर्वाण दर्शन कहते हैं। इसके बाद आठ बजे पहला जलाभिषेक हुआ और पहली पूजा प्रधानमंत्री के नाम से की गई। नौ बजे बालभोग लगाया गया। दोपहर 12 बजे पूर्ण भोजन का भोग लगाया गया। यही भोग ब्रह्मकपाल भेजा जाएगा। भोग पहुंचने के बाद ही वहां पहला पिंडदान होगा।

**फूलों की खुशबू से गमक उठा बद्रीनाथ धाम-**
बद्रीनाथ धाम की फूलों से दिव्य सजावट की गई है, जो अलौकिक छटा बिखेर रही है। फूलों की खुशबू से लोग मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। पहले दिन दर्शन के लिए लगभग 20 हजार से ज्यादा लोग पहुंचे। 11 मई की रात से ही हल्की बारिश होने लगी थी। इससे पहले मौसम विभाग ने 11 से 13 मई तक बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया था। बद्रीनाथ धाम दर्शन के लिए 11 मई की शाम तक कुल सात लाख 37 हजार 885 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवा लिए हैं।

**तीन चाबियों से खुला कपाट का ताला-**
बद्रीनाथ धाम में मंदिर कपाट का ताला तीन चाभियों से खुला। इनमें एक टिहरी राजदरबार, दूसरी चाबी बद्री-केदार मंदिर समिति के पास और तीसरी चाबी बद्रीनाथ धाम के रावल और पुजारियों के पास होती है, जिन्हें हक-हकूकधारी कहा जाता है।

**बद्रीनाथ मंदिर का धार्मिक महत्व और इतिहास-**
उत्तराखंड के चमोली जिले में है। ये मंदिर समुद्र स्तर से 3,133 मीटर की ऊंचाई पर बना है। हर साल करीब 10 लाख श्रद्धालु बद्रीनाथ धाम पहुंचते हैं।
मंदिर में भगवान विष्णु की बद्रीनारायण स्वरूप की एक मीटर की मूर्ति स्थापित है। इसे श्रीहरि की स्वयं प्रकट हुई आठ प्रतिमाओं में से एक माना जाता है।
मान्यता है कि भगवान विष्णु ध्यान करने के लिए एक शांत और प्रदूषण मुक्त जगह की तलाश में यहां पहुंचे थे। इतिहास के मुताबिक बद्रीनाथ धाम को आदि शंकराचार्य ने 9वीं शताब्दी में स्थापित किया था।

## विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान की प्रांतीय प्रशिक्षक कार्यशाला का आयोजन

**ऋषिकेश/टीम एक्शन इंडिया**
विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंध जातीराम अग्रवाल सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में तीन दिवसीय प्रांतीय प्रशिक्षक टोली कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्रान्त संगठन मंत्री विद्याभारती भुवन, डा. विजयपाल प्रदेश निरीक्षक, विनोद रावत सह प्रदेश निरीक्षक शिशु शिक्षा समिति, ईश्वरीदत्त जोशी सह प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा समिति ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।
इस कार्यशाला में नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा की गई। इस अवसर पर भुवन जी ने कहा कि आचार्यों को भी स्वाध्याय अवश्य करना चाहिए, जिससे भैया बहनों को अच्छा ज्ञान प्राप्त हो और भैया-बहनों को भी स्वाध्याय के लिए प्रेरित करना चाहिए। विनोद रावत ने कहा कि एक अच्छा प्रशिक्षक कैसे बने सभी को बताया इस वर्ग में 2020 के तहत शिक्षण कैसी हो न्यू एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत भैया बहिनों को शिक्षक की कौशलात्मक विकास के लिए विद्या भारती ने एक टोली प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यशाला में प्रांत के सभी जिला शिक्षण प्रमुख, प्रधानाचार्य के अलावा सभी विद्यालय की स्टाफ उपस्थित रहा।



# राज्यपाल ने बाबा केदारनाथ और भगवान बदरी विशाल के किए दर्शन

अपील

▶▶ -धाम में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों का बढ़ाया मनोबल



**केदारनाथ/बदरीनाथ**
राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) रविवार को धाम पहुंचकर बाबा केदारनाथ और भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। राज्यपाल ने चार धाम को प्लास्टिक मुक्त करने के लिए सभी से सामूहिक प्रयास करने को की अपील। इस दौरान बदरीनाथ और केदारनाथ धाम में ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया।
राज्यपाल निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पहले केदारनाथ धाम पहुंचे। बाबा केदारनाथ का रुद्राभिषेक कर बाबा की विशेष पूजा अर्चना कर विश्व एवं जन कल्याण के लिए कामना की। पूजा-अर्चना के बाद राज्यपाल ने मंदिर प्रांगण में खड़े श्रद्धालुओं का अभिवादन कर बाबा केदार के जयकारे भी लगवाए। उन्होंने श्रद्धालुओं से रूबरू होते हुए उनकी यात्रा और व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।
राज्यपाल ने जिलाधिकारी और श्रद्धालुओं से वार्ता करते हुए केदारनाथ धाम व पूरी यात्रा को प्लास्टिक फ्री बनाने का सभी से आह्वान किया। उन्होंने श्रद्धालुओं से बात कर यात्रा मार्ग में प्लास्टिक के उपयोग न करने की अपील की। उन्होंने जिलाधिकारी को इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।
राज्यपाल ने ड्यूटी पर मौजूद सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का अभिनंदन करने के बाद तीर्थ पुरोहित समाज एवं मुख्य पुजारी से मिले। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड के सतत विकास के लिए भी बाबा केदार से आशीर्वाद मांगा। राज्यपाल ने जिलाधिकारी से केदारपुरी में चल रहे पुनर्निर्माण और विकास व निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की। जिलाधिकारी ने उन्हें विभिन्न चरणों में केदार घाटी में चल रहे विकास कार्यों की रिपोर्ट पेश करते हुए आने वाले समय में होने वाले कार्यों की जानकारी भी उपलब्ध करवाई। श्री केदारनाथ धाम की यात्रा को सुगम और सुव्यवस्थित बनाने में अपना योगदान दे रहे स्वच्छता कर्मचारियों, डॉक्टर्स की टीम, जिला प्रशासन, पुलिस, एसडीआरएफ और मंदिर समिति के सभी लोगों की सराहना करते हुए सभी को और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# कुमाउंनी एकता समिति शिवालिक नगर के सदस्यता अभियान का शुभारंभ

अभियान

▶▶ सदस्यता अभियान का उद्देश्य समाज के सदस्यों और उनके परिजनों की जानकारी प्राप्त करना है।



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
कुमाउंनी एकता समिति शिवालिक नगर के सदस्यता अभियान का शुभारंभ समिति के शिवालिक नगर स्थित मुख्यालय से प्रारंभ हुआ। सदस्यता अभियान का उद्देश्य समाज के सदस्यों और उनके परिजनों की जानकारी प्राप्त करना है। जिससे भविष्य में जनहित में उसका उपयोग किया जा सके।
समिति के सदस्यता अभियान के प्रथम दिवस 25 परिवारों को सदस्यता दी गई। आने वाले दिनों में सदस्यता अभियान नवोदय नगर, सुभाष नगर, टिहरी विस्थापित कॉलोनी, भेल, ज्वालापुर, कनखल, हरिद्वार, जगजीतपुर , हरिआश्रय कॉलोनी पतंजलि, भूपतवाला, रुड़की, लक्सर, भगवानपुर सहित संपूर्ण जनपद हरिद्वार में सदस्यता अभियान संचालित किया जाएगा।
पहले दिन सदस्यता अभियान में कुमाउँनी एकता समिति शिवालिक नगर हरिद्वार के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, सचिव ललित मोहन जोशी, महासचिव भुवन भट्ट, कोषाध्यक्ष मनोज पंत, सह कोषाध्यक्ष दिनेश कांडपाल और प्रचार मंत्री सतीश पाठक ने योगदान दिया। समिति के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान ने सभी सदस्यों से सदस्यता अभियान में सहयोग करने की अपील की है।

## दिनदहाड़े कार सवारों ने किया नाबालिग का अपहरण

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद के भगवानपुर में आज कार सवारों ने एक नाबालिग छात्रा का अपहरण कर लिया। दिन दहाड़े अपहरण की वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। गुस्साए ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया। पुलिस आरोपितों की तलाश में जुट गई है। रुड़की के भगवानपुर में ग्राम अकबरपुर कालसो निवासी एक नाबालिग छात्रा को कारसवार चार युवकों ने अपहरण कर लिया । घटना की खबर लगते ही ग्रामीण थाने पहुंचे और जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने पुलिस से आरोपितों की तलाश करने की मांग की।

# हरिद्वार के उपनगर प्राचीन तीर्थ कनखल में खुले बद्रीश पंचायत मंदिर के कपाट

आयोजन

▶▶ मंदिर के कपाट खोलने से एक दिन पहले श्री रामायण जी का अखंड पाठ का आयोजन किया गया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
आज वैशाख शुक्ल पंचमी और आदि जगतगुरु शंकराचार्य जयंती के अवसर पर बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले गए। उसी तर्ज पर तीर्थनगरी हरिद्वार के उपनगर प्राचीन तीर्थ कनखल में अविरल और निर्मल गंगा के राजघाट पर स्थित बद्रीश पंचायत मंदिर के कपाट वैदिक विधि विधान के साथ खोले गए।
बद्रीनाथ की तरह ही बद्रीश पंचायत मंदिर में भगवान हरि नारायण का विग्रह है। मंदिर के कपाट खोलने से एक दिन पहले श्री रामायण जी का अखंड पाठ का आयोजन किया गया और जिसका आज पूणार्हुति के साथ समापन हुआ और इसी के साथ बद्रीश पंचायत मंदिर के कपाट खोले गए।
मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित गजेंद्र जोशी ने बताया कि 1930 में बद्रीश पंचायत मंदिर की स्थापना एक संत ने गंगा के पावन तट पर की थी। इस मंदिर के संस्थापक स्वामी इंद्रमणि आचार्य ने 1930 में उत्तराखंड के चार धामों में से एक बद्रीनाथ धाम में दर्शन करने गए थे। उन्हें भगवान बद्री विशाल ने सपने में दर्शन दिए और कनखल में गंगा तट पर स्थित आश्रम में अपने विग्रह की स्थापना करने का आदेश दिया। सुबह स्वामी इंद्रमणि आचार्य ने अपने भक्तों को स्वप्न के बारे में बताया उसके बाद स्वामी ने राजघाट कनखल में गंगा के पावन तट पर बद्रीनाथ मंदिर की स्थापना की। तब से यहां निरंतर 12 महीने भगवान बद्री विशाल की पूजा की जाती है और हर साल बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने की तरह ही यहां पर भी बद्रीश पंचायत के कपाट खोले जाते हैं। जिस मुहूर्त में बद्रीनाथ धाम के कपाट खोले जाते हैं उसी मुहूर्त में कनखल में बद्रीश पंचायत मंदिर के कपाट खोले जाते हैं।बद्रीश पंचायत मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित गजेंद्र जोशी ने बताया कि शीतकाल में बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए बंद हो जाते हैं, परंतु कनखल में बद्रीश पंचायत के कपाट साल भर खुले रहते हैं। जब बद्रीनाथ धाम के कपाट शीतकाल में बंद रहते हैं, तब कनखल में बद्रीश पंचायत मंदिर के दर्शन करने से बद्रीनाथ धाम के बराबर ही पुण्य मिलता है। इलायची दाना, मूंगफली का दाना, मखाने, मिश्री के प्रसाद का भोग बद्रीनाथ धाम की तरह कनखल में बद्रीश पंचायत मंदिर में लगाया जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड ने फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए शानदार आय की घोषणा की

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सर्वोटेक पावर सिस्टम्स लिमिटेड (एनएसईः सवोर्टेक ), अत्याधुनिक सोलर प्रोडक्ट्स और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जर्स के एक प्रमुख मैन्युफैक्चरर ने 9 मई 2024 को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मीटिंग के दौरान 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अपने वित्तीय परिणामों का खुलासा किया।
फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही में कुल रेवेन्यू में 13.89 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो 136.65 करोड़ रुपये थी और फाइनेंशियल ईयर 24 को समाप्त वर्ष में क्रमशः 27.49 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 355.26 करोड़ रुपये के साथ हमारे टागेर्टेड कस्टमर्स द्वारा सोलर और ईवी स्पेस में हमारे टेक-इनेबल्ड सॉल्यूशंस की मजबूत मांग के कारण सालाना आधार पर बढ़ी है। शुद्ध लाभ (पीएटी) 6.69 प्रतिशत बढ़कर फाइनेंशियल ईयर 24 में 11.80 करोड़ रुपये हुआ। एबिटा 18.05 प्रतिशत बढ़कर, दक्षता में सुधार और उच्च मूल्य वाले उत्पादों के कारण परिचालन के पैमाने में वृद्धि के कारण फाइनेंशियल ईयर 24 में 22.36 करोड़ रुपये हुआ।
इन शानदार परिणामों पर विचार करते हुए, सर्वोटेक के मैनेजिंग डायरेक्टर, रमन भाटिया ने टिप्पणी करते हुए कहा कि हमने एक पावरहाउस रिजल्ट्स की सूचना दी है और हमारी प्रभावशाली ग्रोथ का श्रेय ईवी और सोलर सेक्टर्स में अत्याधुनिक, टेक्निकली एडवांस्ड सॉल्यूशंस देने के हमारे लक्ष्य को दिया जा सकता है। हमने प्रोडक्ट क्वॉलिटी और एफिशिएंसी बढ़ाने में महत्वपूर्ण प्रगति की है, जिससे हमारे उत्पाद हमारे टार्गेट ऑडियंस की पसंदीदा पसंद बन गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप मार्केट ग्रोथ बढ़ रही है। हमने अपनी मैन्युफैक्चरिंग कपैसिटी बढ़ाई है और ईवी चार्जर और सोलर सॉल्यूशंस में इम्पैक्टफुल इनोवेशन भी पेश किए हैं। 5600 से अधिक ईवी चार्जर इम्पैक्ट करने के बाद हमें ईवी चार्जिंग इंडस्ट्री में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में मजबूत पकड़ बनाए रखने की खुशी है, जिसमें ईवी चार्जिंग सॉल्यूशंस सेग्मेंट में महत्वपूर्ण मार्केट शेयर हासिल करने की क्षमता है। रमन भाटिया ने आगे कहा कि जैसे-जैसे हम भविष्य में कदम रख रहे हैं, हम जिन बाजारों में सेवा दे रहे हैं उनमें पर्याप्त संभावनाओं के बारे में बारीकी से जानते हैं और आगे आने वाले विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं। हम ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और सोलर इंडस्ट्री को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका पर बहुत गर्व करते हैं और इस गतिशील उद्योग में अपनी लीडिंग पोजिशन बनाए रखने के लिए समर्पित हैं।

### बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड ने ग्रोथ और डिविडेंट पेआउट स्ट्रेटजी के साथ बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च किया

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
बजाज फिनसर्व एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड (बजाज फिनसर्व एएमसी) ने बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की। यह एक ओपन-एंडेड स्कीम है जो निवेशकों को विविध निवेश अवसर प्रदान करने के लिए डिजाइन की गई है। यह फंड उच्च लाभांश उपज देने वाली स्ट्रेटजी के साथ इक्विटी, गतिशील अवधि प्रबंधन के साथ ऋण, कमोडिटी और रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरईआईटी) या इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (इनविट) सहित विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में एक्सपोजर प्रदान करता है।
बजाज फिनसर्व मल्टी एसेट एलोकेशन फंड विभिन्न परिसंपत्ति वर्गों में अलग-अलग आवंटन के साथ निवेश करता है। यह 35 प्रतिशत से 80 प्रतिशत तक इक्विटी आवंटन के साथ एक विविध पोर्टफोलियो बनाए रखता है और इसके साथ ही, यह लाभांश उपज रणनीति, मल्टी-थीम और मल्टी-सेक्टर दृष्टिकोण और मल्टी-कैप ओरिएंटेशन को नियोजित करता है। गुणवत्ता पोर्टफोलियो और सुरक्षा-प्रथम दृष्टिकोण पर जोर देते हुए, मैक्रो और मात्रात्मक इनपुट के साथ गतिशील अवधि प्रबंधन को नियोजित करते हुए, यह फंड फिक्स्ड इनकम इंस्ट्रूमेंट्स के लिए 10 प्रतिशत से 55 प्रतिशत आवंटित करता है। इसके अलावा, यह वस्तुओं के लिए 10 प्रतिशत से 55 प्रतिशत आवंटित करता है, गोल्ड ईटीएफ, सिल्वर ईटीएफ और एक्सचेंज-ट्रेडेड कमोडिटी डेरिवेटिव्स के लिए एक्सपोजर प्रदान करता है, जिससे अपसाइड पोटेंशियल ऑफर करता है और इक्विटी संबंधी अस्थिरता के मामलों में बचाव करता है।

# धूमधाम से मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस रविवार को धूमधाम के साथ मनाया गया। नर्सिंग स्टाफ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नर्सिंग स्टाफ ने एक दूसरे को इस विशेष दिवस की बधाइयां और शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम में तिब्बतन पारंपरिक डांस मुख्य आकर्षण रहा।
गुरु राम राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एण्ड हैल्थ साइंसेज के सभागार में अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस का शुभारंभ महंत इन्दिरेश अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ अजय पंडिता, डॉ गौरव रतूड़ी, नर्सिंग अधीक्षक अनीष ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलन कर किया। महंत इन्दिरेश अस्पताल के चेयरमैन महंत देवेन्द्र दास जी महाराज ने सभी नर्सिंग स्टाफ को अन्तर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस की बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित कीं।
महंत इन्दिरेश अस्पताल में 20 से अधिक वर्षों से लगातार सेवाएं दे रहीं नर्सिंग स्टाफ सिस्टर गुरप्रीत कौर, सिस्टर पूर्णिमा, सिस्टर शारदा, सिस्टर प्रेमलता, सिस्टर सोनम को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।
सिस्टर एंजिल व सिस्टर आराधना के स्वागत उद्बोधन से कार्यक्रम का आगाज हुआ। सिस्टर अक्षिता ने कृष्ण वन्दना के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी। एजनस एण्ड ग्रुप के मैशअप ग्रुप डांस को दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। एलन के सोलन डांस ने भरपूर तालियां बटोरीं। सिस्टर तेंजिंग के सोलो डांस एवम् साक्षी के क्लासिकल डांस ने दर्शकों को स्तब्ध कर दिया। निकिता एण्ड ग्रुप ने पंजाबी एवम् बालीवुड धुनों पर जोरदार प्रस्तुति दी। तिब्बतन पारंपरिक डांस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा। पल्लवी, मिनी, अंकित एण्ड ग्रुप एवम् प्रिंयका के सोलो डांस को भी दर्शकों ने खूब पसंद किया। नर्सिंग स्टाफ ने फैशन शो के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक विरासत एवम् वेशभूषा को रैंप पर आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया।
महंत इन्दिरेश अस्पताल में 20 वर्षो से उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले 8 नर्सिंग स्टाफ को कार्यक्रम में विशेष रूप से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

## नाबालिग बरामद, अपहरणकर्ता गिरफ्तार

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
नाबालिग के अपहरण के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया है।जनपद के थाना पिरान कलियर के ग्राम रहमतपुर निवासी एक व्यक्ति ने नामजद तहरीर देते हुए अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद आरोपित की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने आरोपित को नहर पटरी मेवड पुल से गिरफ्तार करते हुए नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने आरोपित का चालान कर दिया है।
आरोपित का नाम और पता ईशु पुत्र स्व. सुरेश कुमार निवासी ग्राम रहमतपुर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार बताया गया है।

# वीकेंड पर सरोवर नगरी में उमड़ी भीड़

गुलजार

▶▶ सुबह से ही सैलानियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। अब पर्यटकों की आमद बढ़ती ही जाएगी।



**नैनीताल /टीम एक्शन इंडिया**
मैदानी क्षेत्रों में गर्मी बढ़ने के चलते सैलानियों ने नैनीताल की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। शनिवार सुबह से ही सैलानियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। अब पर्यटकों की आमद बढ़ती ही जाएगी। वाहनों का दबाव बढ़ा तो पुलिस ने शहर के प्रवेश द्वार (रूसी बाईपास, नारायण नगर व पाइंस) में बनाई गई अस्थाई पार्किंग में ही वाहनों को रोका। आज भी शहर में यही हालात हैं। शहर के 80 फीसदी होटल पैक हैं।
एसपी यातायात व क्राइम हरबंश सिंह ने बताया कि अभी हालात सामान्य हैं। हालांकि बड़ी संख्या में सैलानी नैनीताल पहुहंचे हैं, लेकिन पार्किंग स्थल अभी पैक नहीं हुए हैं। यहां पहुंचे सैलानियों से पर्यटन स्थल गुलजार है। साथ ही सैलानी नौकायन का आनंद ले रहे हैं।
नैनीताल में छोटी बड़ी पार्किंग फुल होने के बाद सैलानियों के वाहनों को रूसी बाईपास, नारायण नगर और पाइंस में बनाई गई अस्थाई पार्किंग में रोका जाएगा।

# मदर्स डे रन 200 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

आयोजन

▶▶ इस कार्यक्रम ने न केवल फिटनेस और स्वस्थ को बढ़ावा दिया बल्कि परिवारों को एकजुट किया



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
सरमांग सोसायटी के तत्वावधान में मदर्स डे रन का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम में छह महीने के बच्चों से लेकर 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।
मदर्स डे पर आयोजित दो किमी. और पांच किमी. की मजेदार दौड़ अपने आप में बेजोड़ थी, क्योंकि इस दौड़ में बच्चों से लेकर 75 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक एक-दूसरे के साथ दौड़े थे। वह एक दूसरे के खिलाफ नहीं बल्कि एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए दौड़े थे। सभी उम्र के प्रतिभागी, बच्चों से लेकर माता-पिता और दादा-दादी तक ने अपने परिवार के साथ भाग लिया।
कार्यक्रम का एक अनूठा आकर्षण पदक समारोह था, जहां बच्चों को पदक प्राप्त हुए। माताओं को पदक प्रदान करने का सम्मान और माताओं ने भी इस भाव का प्रतिसाद दिया। यह आयोजन माताओं और बच्चों के बीच साझा किए गए प्यार और प्रशंसा का प्रतीक है। प्रतिभागियों ने मदर्स डे को इतनी सक्रियता से मनाने में सक्षम होने पर खुशी व्यक्त की। इस कार्यक्रम ने न केवल फिटनेस और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा दिया बल्कि परिवारों को भी एकजुट किया।
इस अवसर पर सहभागी अनिल ने कहा कि मदर्स डे रन के लिए लोगों की इतनी उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया देखकर हमें खुशी हो रही है। सरमांग सोसायटी के सचिव मोहन ने कहा कि दोनों के बीच के बंधन को देखना हृदयस्पर्शी था।

# फार्मा के छात्रों के लिए किया सौप्रस्थानिक समारोह का आयोजन

आयोजन

▶▶ इस कार्यक्रम ने न केवल फिटनेस और स्वस्थ को बढ़ावा दिया बल्कि परिवारों को एकजुट किया



**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
भेषज विज्ञान विभाग में डीं, बी एवं एम फार्मा के अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए सौप्रस्थानिक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों के भविष्य की मंगल कामना, उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु के लिए यज्ञ का आयोजन हुआ, जिसमें विश्वविद्यालय के डॉक्टर भारत वेदालंकार ने ब्रह्मा के रूप में उपस्थित होकर यज्ञ कराया। यज्ञ में विभाग के सभी छात्रों ने आहुति दी। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सोमदेव शतांशु ने कहा कि छात्रों का विद्यार्जन काल बहुत महत्वपूर्ण होता है। इस समय छात्र धनोपाजर्न की शिक्षा के साथ-साथ ज्ञानार्जन एवं मानव उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आदर्श शिक्षा की भी शिक्षा ग्रहण करते हैं, जिनकी उनके भविष्य में समाज में रहने के लिए बहुत अधिक आवश्यकता होती है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र जब समाज में होते हैं तो आर्य समाज एवं वैदिक संस्कृति से ओतप्रोत होने के कारण उनकी अलग पहचान होती है। प्रोफेसर मलिक ने इस अवसर पर छात्रों को हमेशा ऊजार्वान एवं नई-नई तकनीकी के लिए तत्पर रहने का आह्वान किया।
कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. अश्वनी कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर-के जाने वाले छात्रों एवं वर्तमान में शिक्षा प्राप्त कर रहे छात्रों के बीच परस्पर बड़े भाई एवं छोटे भाई का संबंध होता है। जब छात्र शिक्षा ग्रहण करके समाज में जाते हैं तो उनका दायित्व दो गुना हो जाता है। वह अपने अनुजों के लिए नए मार्ग प्रशस्त करते हैं एवं दूसरी ओर अपने भविष्य को उज्जवल भी बनाते हैं। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ विपिन कुमार ने बताया कि जब छात्र उत्तीर्ण होकर जाते हैं तो उनकी बहुत सारी स्मृतियां विभाग में संजोही जाती हैं जिसके लिए सौप्रस्थानिक समारोह एक माध्यम है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक प्रो सत्येंद्र राजपूत, डॉक्टर कपिल कुमार गोयल, डॉ. विनोद नौटियाल, डॉ. रविंद्र कंबोज, डॉ. तरुण कुमार, डॉ. दीपक नेगी, डॉ. राजेंद्र यादव, डॉ. रवि प्रताप ने आगंतुकों का स्वागत किया। इस मौके पर डॉक्टर रोशन लाल, संतोष कुमार, सूरज, मुनेश, संजय आदि उपस्थित रहे।

# पॉली किड्स ने अपने विभिन्न शाखाओं के साथ मनाया मदर्स डे

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
पॉली किड्स देहरादून ने अपने विभिन्न शाखाओं के साथ मदर्स डे मनाया। पॉली किड्स डालनवाला, राजपुर रोड, जीएमएस रोड, प्रेमनगर की शाखाओं ने संयुक्त रूप से मदर्स डे पर अपनी भावना को छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और माता-पीता के साथ अपने-अपने अनुभवों को साझा किया और इसकी महत्ता पर विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार रखे।
रविवार को आयोजित इस इस कार्यक्रम में माताओं को प्यार, सम्मान और कृतज्ञता से सम्मानित किया गया। लगभग 400 माताएं उत्सव में शामिल हुईं 'पूल पार्टी' और 'मां एंड



बेबी शो' जैसे विषयों का आनंद लिया। यह कार्यक्रम रैंप वॉक, डांसिंग, सिंगिंग, फन गेम्स और अन्य प्रतियोगिताओं जैसी गतिविधियों से भरा रहा।चेयरमैन कैप्टन मुकुल महेंद्रू और निदेशक रंजना महेंद्रू ने विजेताओं को सम्मानित किया। विशेष अतिथि के रूप में रानी महेंद्रू और इंदु ठाकुर उपस्थित थे।
कार्यक्रम में निदेशक माधवी भाटिया, शिप्रा आनंद, वर्षा ठाकुर, सिस्टम समन्वयक दिव्या जैन, गतिविधि समन्वयक दीप्ति सेठी, और हेडमिस्ट्रेस नेहा सहगल, रजनी कौर, सीमा कैंतुरा और पॉलीकिड्स स्टाफ उपस्थित था।

## संपादकीय

# चुनाव के दौरान रंगभेद की राजनीति

**लोकसभा** चुनाव के दौरान राजनेताओं के बयान सुनकर ऐसा लगने लगता है कि ये अपनी हदों को पार कर करने लगे हैं। अभी हाल ही में कांग्रेस के नेता सैम पित्रोदा के बयान की मीमांसा की जा रही है। इसका तात्पर्य यही है कि इस नेता ने भारत में भेद पैदा करने के प्रयास किए, जो कभी सफल नहीं होने चाहिए। भारत में जिस प्रकार से सामाजिक विघटन की राजनीति की जा रही है, उससे समाज की शक्ति का लगातार पतन ही हुआ है। कभी तुष्टिकरण तो कभी वोटबैंक की राजनीति के बहाने सामाजिक एकता की राह में अवरोध पैदा करने के प्रयास किये गए, जिसके कारण समाज के कई हिस्से अलग-अलग दुकान खोल कर बैठ गए और इसकी आज की राजनीति ने इसे मुंह मांगा इनाम भी दिया। जिसके कारण भारतीय समाज के बीच जो विविधता की एकता को दशार्ने वाली परंपरा रही, उसकी जड़ों में मट्ठा डालने का अनवरत प्रयास किया गया। यह सभी जानते हैं कि जिस देश का समाज कम से कम राष्ट्रीय मामलों पर एक स्वर व्यक्त करता है, वहां किसी भी प्रकार की सामाजिक बिखराव के प्रयास धूमिल ही होते हैं। लेकिन कुछ राजनीतिक दलों को यह सामाजिक एकता अच्छी नहीं लगती, इसलिए वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो वाली नीति अपनाते हुए ही अपनी राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को भारत की सांस्कृतिक एकता खटकती है। ऐसे लोग कुत्सित राजनीति के माध्यम से भारत की जनता के मानस में ऐसे बीज बोने का ही काम करते हैं, जो प्रथम दृष्टया विभाजनकारी ही कहे जा सकते हैं। ऐसे बयानों पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। क्योंकि यह विचार देश का भला नहीं कर सकता। अगर ऐसा विचार लेकर कोई राजनीतिक दल राजनीति करता है तो उसकी प्रासंगिकता पर भी सवाल हो सकते हैं। राजनीतिक दलों ने अपना स्वार्थ साधने के लिए पूर्व और पश्चिम को अलग पहचान के रूप में प्रचारित करने में जोर लगाया, तो वहीं उत्तर और दक्षिण के लोगों के मन में नफरत की दरार को और ज्यादा चौड़ा किया। जबकि हमारे देश के नायकों ने एक भारत के रूप में स्वतंत्रता प्राप्त की। आज की राजनीति को देखते हुए यही कहा जा सकता है कि उनके सपनों को पूरा करने का ईमानदारी से प्रयास नहीं किया जा रहा। इसी कारण कहीं जातिवाद को हवा दी रही है तो कहीं तुष्टिकरण का प्रयास किया जा रहा है। आवश्यकता इस बात की है कि हमारे राजनीतिक दल समाज को एक करने की दिशा में कदम उठाएं। इससे समाज का तो भला होगा ही, देश भी मजबूत होगा। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अस्तित्व बरकरार रखने के जिस प्रकार का परिश्रम किया जा रहा है, वह निसंदेह आवश्यक भी था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पिछले दो चुनावों की तरह इस बार भी पार्टी के इस अभियान को पलीता लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में शामिल विदेशी अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उसे अनजाने में दिया बयान समझ कर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि सैम पित्रोदा कांग्रेस नेताओं के बहुत खास रहे हैं। यहां तक कि राहुल गांधी के विदेशी दौरे भी यही प्रबंधित करते हैं। सैम पित्रोदा ने जो बयान दिया है, उससे भारत की कांग्रेस ने भले ही किनारा कर लिया हो लेकिन विदेशों में सैम पित्रोदा भारत को किस रूप में प्रस्तुत करते होंगे, इस बात का सहज अनुमान लगाया जा सकता है।

# भ्रमित करते बोतल से बाहर आते जिन्न रुपी मुद्दे

**डा. मनमोहन प्रकाश**

> "भव्य एवं दिव्य राममंदिर, तथा सनातन की विभिन्न संदर्भों में चर्चा है ।कोई मंदिर को विकास से जोड़ रहा है, सनातनियों की आस्था, विश्वास, धर्म, सम्मान और गौरव का प्रतीक बता रहा है,तो कोई इसका वास्तु और उद्घाटन का समय ठीक नहीं है बता रहा है,तो कोई सत्ता में आने पर इसके शुद्धिकरण की बात कर रहा है ।किसी धर्म विशेष की आबादी बढ़ने तथा किसी की कम होने से भारत में जाति गत ताना-बाना बिगड़ने का जिक्र है ।कुछ उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की चर्चा है ।एक पक्ष द्वारा डर भी पैदा किया जा रहा है पाकिस्तान से दोस्ती करों, बात करों क्योंकि उसके पास परमाणु बम है, वहीं दूसरा पक्ष का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं हमने पहले ही पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया को भारत की शक्ति और सामर्थ्य से अवगत करा दिया है"

**अलादीन** का चिराग और जिन्न की कहानी सभी ने सुनी है। जिन्न का सबसे पहला जिक्र अरब की प्राचीन इस्लामी संस्कृति में मिलता है। आज के वैज्ञानिक युग में जिन्न के अस्तित्व को स्वीकारना कितना सही और कितना गलत है मैं पाठक पर छोड़ता हूं। किन्तु जो कहानियां प्रचलन में हैं उससे तो यही स्पष्ट होता है कि ये अदृश्य आत्माएं अद्भुत और शक्तिशाली हैं, कुछ भी करने में सक्षम हैं, इन्हें वश में करने पर इनसे कुछ भी कराया जा सकता है। ऐसी भी मान्यता है कि ऐ आत्माएं जिस मनुष्य से प्रसन्न हैं,जिस मनुष्य के वश में हैं उनका कठिन से कठिन काम चंद मिनटों में कर सकती हैं। वहीं इन आत्माओं का रूष्ट होना मनुष्य को हानि पहुंचा सकता है,बने हुए काम को बिगाड़ सकता है। तांत्रिक लोग जिन्न बोतल में बंद कर के रखते हैं ताकि मनुष्य को इनके दुष्प्रभाव से बचा कर रखा जा सके। किन्तु जैसे ही ये आत्माएं बोतल से बाहर आ जाती हैं,कैद से मुक्त हो जाती है या मुक्त कर दी जाती है तो पहले से ज्यादा खतरनाक हो जाती हैं और अपने आका द्वारा बताए काम करने में जुट जाती है। वैसे भी यह कहा जाता रहा है कि बुरे लोगों/बुरी आत्माओं से दोस्ती और दुश्मनी दोनों ही अच्छी नहीं है अतः इनसे दूर रहना ही श्रेष्ठकर है पर स्वार्थी मानव अपने विरोधियों के विरुद्ध इन आत्माओं को बोतल से बाहर निकाले, उपयोग किये बिना कैसे रह सकता है? भारत में इस समय लोकसभा के लिए निर्वाचन प्रक्रिया जारी है। इसमें हर दल और प्रत्याशी द्वारा मतदाता से अपने पक्ष में मतदान का आग्रह करने के लिए प्रचार- प्रसार के तरह-तरह के हथकंडों को उपयोग में लाया जा रहा है। सूचना प्रौद्योगिकी के इस युग में प्रचार-प्रसार के तरीके भी आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से अछूते नहीं हैं ।फेक समाचार,फेक विचार,फेक वक्तव्य और फेंक चेहरे का उपयोग किया जा रहा हो तो कौन जानता है। यदि मतदाता का मन टटोला जाए तो वह यही चाहता है उसके क्षेत्र का प्रत्याशी और उसकी पार्टी के स्टार प्रचारक, कार्यकर्ता मतदाताओं को यह बताएं कि कैसे हमारा भारत देश आगामी पांच वर्षों में और अधिक तरक्की करेगा, सशक्त बनेगा? विकास की रफ्तार को तेज करने के लिए किस माडल का उपयोग किया जाएगा? सरकार बनने पर



उसकी क्या प्राथमिकताएं रहने वाली है? देश की विभिन्न समस्याओं जैसे बढ़ते अपराध, मेहंगाई,बेरोजगारी, अराजकता, नशावृत्ति, प्रदूषण को कैसे कम किया जायेगा? आतंकवाद और नक्सलवाद को समाप्त करने की उसकी क्या योजना रहेगी?दीन-दुखी, गरीब, शोषित, वंचित आदि लोगों तक रोटी, कपड़ा, मकान, बिजली, पानी, रसोई गैस,शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य आदि जैसे बुनियादी सुविधाएं कैसे पहुंचेगा? आरक्षण का लाभ आरक्षित वर्ग में जो गरीब है उन्हें कैसे मिलेगा? देश की सीमाओं के साथ आन, बान और शान की रक्षा कैसी होगी? राष्ट्रवाद कैसे और मजबूत होगा? देश आर्थिक रूप से कैसे सशक्त होगा? विकसित राष्ट्र की श्रेणी में भारत कब और कैसे पहुंचेगा? आदि ।इन विषयों पर प्रचार के दौरान न के बराबर सुनने को मिलता है ।पर ऐसा लगता है लगभग सभी राजनैतिक पार्टियों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए पहले से ही बोतल में जिन्न की तरह कुछ मुद्दे बंद कर रखे ।जनता जिन बातों को भूल चुकी है,जो मुद्दे उनके जहन में है ही नहीं ,जिन्हें जिन्न की तरह बोतल में बंद कर के भुला दिया गया है उन्हीं बातों को, मुद्दों को आज चुनाव प्रचार में सोच-समझकर जिन्न की तरह चुनाव के हर चरण में बोतल से बाहर निकला जा रहा है, जनता और मतदाताओं के बीच में लाया जा रहा है ।यह जिन्न रुपी मुद्दा भी इतना प्रभावशाली दिखाई देता है कि जैसे ही वह जनता के बीच आता है अपना काम करना आरंभ कर देता है, मतदाताओं के ऊपर अपना प्रभाव छोड़ने लगता है ।अपेक्षा भी यही रहती है जिन्न की तरह ये मुद्दे भी शक्तिशाली रुप लेकर मतदाताओं के मन मस्तिष्क को प्रभावित कर के पार्टी और प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करें। आज मुद्देरुपी विषय जनता के बीच में है उनमें प्रमुख हैं संविधान खतरे में है, संविधान बदलने के लिए 400 पार का नारा दिया जा रहा है, आरक्षण समाप्त होने तथा यूसीसी लाने का डर फैलाया जा रहा है, कश्मीर से संबंधित जो अनुच्छेद निष्प्रभावी हो गये है उन्हें पुनः जीवित करने का भरोसा दिलाया जा रहा है,एक और मुहब्बत की दुकान चलाने की चर्चा है तो दूसरी ओर झूठ की दुकान बंद कराने का दावा है। सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना तथा आर्थिक सर्वे कराने , पुरानी पेंशिन बहाली, अग्निवीर योजना समाप्ति, नागरिक संहिता तथा सीएए पर अमल न करने की बात की जा रही है । गरीबों को मुफ्त बिजली, पानी,राशन के साथ महिलाओं को बिना काम किए निश्चित राशि हर माह खाते में डालने तथा एमएसपी का भरोसा दिलाया जा रहा है, समयबद्ध बढ़ोतरी तथा किसान सम्मान निधि का जिक्र हो रहा है। माहौल को सांप्रदायिक बनाने के लिए विभिन्न दलों के अपने प्रयास हो रहे हैं, हिन्दू-मुस्लिम किया जा रहा है, वोट जिहाद जैसे शब्द गढ़े जा रहे हैं। भव्य एवं दिव्य राममंदिर, तथा सनातन की विभिन्न संदर्भों में चर्चा है ।कोई मंदिर को विकास से जोड़ रहा है, सनातनियों की आस्था, विश्वास, धर्म, सम्मान और गौरव का प्रतीक बता रहा है,तो कोई इसका वास्तु और उद्घाटन का समय ठीक नहीं है बता रहा है,तो कोई सत्ता में आने पर इसके शुद्धिकरण की बात कर रहा है ।किसी धर्म विशेष की आबादी बढ़ने तथा किसी की कम होने से भारत में जाति गत ताना-बाना बिगड़ने का जिक्र है ।कुछ उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की चर्चा है ।एक पक्ष द्वारा डर भी पैदा किया जा रहा है पाकिस्तान से दोस्ती करों, बात करों क्योंकि उसके पास परमाणु बम है, वहीं दूसरा पक्ष का कहना है कि घबराने की जरूरत नहीं हमने पहले ही पोखरण में परमाणु परीक्षण कर दुनिया को भारत की शक्ति और सामर्थ्य से अवगत करा दिया है ।यह नया भारत है दुश्मन को उनके घर में घुसकर मारने का साहस रखता है ।यह भी चर्चा है कि देश को तानाशाही सरकार से मुक्त कराना है,तो दूसरी ओर यह भी चर्चा है की शहजादे को शक्ता में आने नहीं देना है ।एक गठबंधन के पास सर्वमान्य नेता नहीं है तो दूसरे गठबंधन के पास सर्वमान्य नेता तो है पर उसका उत्तराधिकारी कौन?वन नेशन वन लीडर का डर फैलाया जा रहा है ।कोई कह रहा है हमारे नेता ने स्वच्छ, भ्रष्टाचार मुक्त, गरीब हितैषी सरकार दे कर देश में राजनीति की परिभाषा बदल दी तो कोई कह रहा है हमारे नेता ने देश भर में यात्रा करके भारत को जोड़ने का काम किया है ।जनता और मतदाता भ्रमित है इनमें से सच क्या है और गलत क्या है ? कोई कह रहा है हमारी सरकार में युवाओं की आकांक्षाओं को पंख मिले हैं, महिलाएं सशक्त हुई है, करोड़ों गरीब गरीबी रेखा से बाहर आए हैं, तो कोई कह रहा है यह सब छलावा है, आंकड़ों की बाजीगरी है ।किसके बोलने का विश्वास करें और किसका नहीं? पिछले वर्षों में जो हुआ है, जिनके परिणाम सामने है, उन पर भरोसा करें या जो सपने दिखाए जा रहे हैं उस पर चांस ले? पिछले तीन चरणों में जो कम मतदान हुआ है कहीं उनका कारण मतदाताओं के मन में चल रहे ये प्रश्न तो नहीं?

जिन्न रुपी मुद्दे तो अपना काम करेंगे यह मतदाताओं को तय करना है कि उनके हित में क्या है? देश के हित में क्या है? इसलिए मतदान अवश्य करें और लोकसभा के लिए सही प्रत्याशी का चयन करके देश में लोकतंत्र को और मजबूत करें।

## कविता

### जिंदगी भी एक ख्वाब की तरह ही तो है

मन कहता रिश्ता दुनियादारों से बनाए रखना,
दिल कहता ताल्लुक फकीरों से बनाए रखना'

लोग सफलता को पचा नहीं पाते है ।
बस दूरी तुम अमीरों से बनाए रखना'

बहुत तेज है धूप सफर में हमारे दोस्त,
तुम रिश्ता छायादार पेड़ों से बनाये रखना।

हादसों से हौसले पस्त नहीं होने देंना,
तुम हौसला दिमागों में बनाए रखना,

जिंदगी भी एक ख्वाब की तरह है ,
दोस्ती गम के ठिकानों से बनाए रखना।

जो वादा करके भूल जाते हैं हमेशा,
दूरियां ऐसे हुक्मरानों से बनाए रखना।

दुनिया भी एक रंगमंच की तरह है प्यारे,
नजदीकी दो चार किरदारों से बनाए रखना।

जो गमों को भुला दे दो पल में ही संजीव,
तुम दोस्ती ऐसे मयखानों से बनाए रखना।

संजीव
---------

# आखिर कथित शाहजादे का इतना खौफ क्यों है

**राकेश**

**देश के प्रधान**मंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी जी चुनाव का चौथा चरण आते-आते तक एकदम अमर्यादित हो गए हैं। वे जिस जबान का इस्तेमाल अस्सी साल के बूढ़े डॉ मनमोहन सिंह के लिए करते थे उसी जबान का इस्तेमाल पचास पार के राहुल गांधी के लिए कर रहे हैं। यहां तक कि वे अब खीज कर कह रहे हैं कि - कांग्रेस के शाहजादे की पार्टी को उनकी उम्र से कम सीटें मिलेंगी। मै कहता हूँ कि राहुल गांधी को एक भी सीट न मिले किन्तु प्रधानमंत्री जी को तो अपने शब्दों के गाम्भीर्य को नहीं खोना चाहिए । मोदी जी का मुकाबला कांग्रेस से नहीं बल्कि अपने आप से होना चाहिए था । आखिर कथित शाहजादे का इतना खौफ क्यों है मोदी जी को ? .

देश और दुनिया देख रही है कि माननीय मोदी जी ही नहीं बल्कि उनकी पूरी टीम की बौखहेत में लगातार इजाफा हो रहा है । वे हिंदी शब्दकोश के सबसे परित्यक्त शब्दों का इस्तेमाल कर अपनी गरिमा समाप्त करने में लगे हैं । दुर्भाग्य ये है कि देश का केंद्रीय चुनाव आयोग माननीय और उनकी फौज को इस मामले में हटक नहीं सकता ,अन्यथा सत्तारूढ़ दल के नेताओं के तमाम ब्यान ऐसे हैं जो उन्हें चुनाव प्रचार से बाहर करने के लिए काफी हैं । लेकिन जब सैयां ही कोतवाल हो तो डर काहे का ? केंचुआ मोदी जी और उनकी कम्पनी को हड़काने के बजाय पूरे विपक्ष को हड़काने में लगा है । मोदी जी और उनकी फौज शायद नहीं जानती कि सत्ता हरजाई होती है । ये किसी की नहीं होती . जनता सत्ताधीशों को रोटी की तरह उलटती -पलटती रहती है ,इसलिए सत्ता से चिपके रहने में किसी की भलाई नहीं । कांग्रेस को भी सत्ता से बाहर जाना पड़ा और एक बार नहीं ,अनेक बार । भाजपा को भी सत्ता से बाहर जाने के लिए हर समय कमर कसकर तैयार रहना चाहिए । वैसे भी भाजपा भले ही एक दशक से सत्ता में है किन्तु उसका व्यवहार विपक्षी दलों जैसा ही है। भाजपा खुद जबाबदेह न हो कर हमेशा कांग्रेस से सवाल करती है । भूल जाती है कि कांग्रेस को सत्ता से बाहर गए एक दशक हो चुका है। अब देश की दशा,दुर्दशा के लिए कांग्रेस को नहीं बल्कि भाजपा को ही कोसा जाएगा,निशाने पर लिया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चतरा की सभा में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के बीच इंडिया अलायंस ने अपनी हार मान ली हैं। पीएम मोदी ने बिना नाम लिए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा- शहजादे को उनकी उम्र से भी कम सीटें मिलेंगी। प्रधानमंत्री ने कहा- तीन चरणों के चुनाव के बाद ही कांग्रेस और उसके साथियों ने एक तरह से अपनी हार स्वीकार कर ली है। तीन चरण का मतदान अभी मशीनों में कैद है किन्तु केंद्रीय गृहमंत्री अपनी तीसरी आँख से देखकर कह रहे हैं की भाजपा 190 सीटें तो जीत चुकी है । जाहिर है कि दाल में काला ही काला है अन्यथा इस तरह की गैरजिम्मेदाराना बात कौन करता है ?

## विचार

# संयम और मनोबल विश्वास की कुंजी

**संजीव**

**असफलता** को झेलने के लिए आत्मविश्वास की परम आवश्यकता होती है'असफलता ऐसा स्वाद है जिसे हर व्यक्ति ने जीवन में कभी ना कभी जरूर चखा होगा। असफल होने से निराश होने की आवश्यकता नहीं है। महापुरुषों ने कहा है कि असफलता यह दशार्ती है कि आपने प्रयास पूरे मन से नहीं किया है अतः असफलता के बाद सफलता के लक्ष्य को निर्धारित कर पूर्ण मनोयोग से कर्म की वेदी पर अपना शीश नवाना चाहिए। जीवन में असफलता किसी लक्ष्य को स्थापित करने का ही परिणाम है, इसीलिए इसे बड़े ही सौजन्यता से, सहज तरीके से आत्मसात करना चाहिए। सकारात्मक तरीके से आत्मविश्वास के साथ स्वीकार की गई असफलता मनुष्य को बड़े लक्ष्य की ओर प्रयास करने के लिए संकेत देती है। बिना असफलता के सफलता कोई भी आस्वाद नहीं देती है। असफलता के बाद ही सफलता के के लिए किए गए प्रयासों का महत्त्व मनुष्य को अपने जीवन में पता लगता है।

शायर फैज अहमद फैज ने कहा है

दिल ना उम्मीद तो नहीं नाकाम ही तो है,
लंबी है गम की शाम मगर शाम ही तो है।

असफलता सफलता की पहली सीढ़ी है और यह सामान्य मानवीय कृत्य भी है। असफल होने के कारणों का पता लगाकर सफलता के लिए प्रयास हमेशा हमें दोगुना कर देना चाहिए। यह भी जरूरी नहीं है कि एक बार सफल होने के बाद मनुष्य सदैव सफल ही होता रहे इसके लिए मनुष्य को लगातार चिंतनशील, आत्म विश्वासी, साहसी और सतर्क होना पड़ेगा। सफल होने के लिए हमें हमेशा हुनरवान होना होगा जिससे इसी हुनर से हमें सफलता का स्वाद चखने का मौका मिलेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि हमें सफलता के लिये साहस और हुनर का उपयोग कर सदैव अग्रसर होते रहना होगा। सफलता एक लक्ष्य और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सदैव सफलता की सीढ़ी चढ़कर हमें वहां पहुंचने की आवश्यकता है।

आत्मविश्वास का अर्थ शक्ति और ऊर्जा तो है और यह संपूर्ण रूप से हमारे प्रयासों हमारे संकल्प और साहब से जुड़ा हुआ प्रतिफल भी है। आज भारत विश्व का सबसे बड़ा युवा देश है। हमारे देश के लाखों, करोड़ों युवाओं का जीवन लक्ष्य हीन है वे बहुत सारी इच्छाएं और महत्वकांक्षी रखते तो हैं पर उसके पीछे कड़ी मेहनत पक्का इरादा नहीं रखने की भूल कर देते हैं और यही कारण है कि वे जीवन में इधर उधर भटक कर अत्यंत निराश होकर अपने जीवन को नशे और अन्य निराशाजनक मार्ग को अपना लेते हैं। प्रयास तथा कठिन परिश्रम की कमी ही युवा वर्ग की भटकाव की स्थिति की परिणति है। आज का युवा बिना सुनियोजित प्रयास के लक्ष्य की प्राप्ति की आकांक्षा रखने लगे हैं और असफल होने के बाद उसका मूल्यांकन ना कर असफल होकर किसी अन्य मार्ग को चुनने के लिए बाध्य हो जाते युवाओं की यह मानसिक स्थिति बड़ी आया हुआ है जो समाज के लिए निर्णायक साबित होती है और एक बड़ा युवा वर्ग गलत मार्ग की ओर प्रशस्त हो जाता है। ऐसे में युवाओं का जीवन बहुत ही कष्टदायक हो सकता है। युवा वर्ग को चाहिए कि लक्ष्य निर्धारित कर उसके लिए निरंतर कोशिश है और निरंतर श्रम करना चाहिए इसके बाद भी यदि असफलता मिलती है तो सम्यक मूल्यांकन कर असफलता के कारणों को दूर कर दुगनी रफ़्तार से मेहनत कर उच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। आज युवा आगे बढ़कर देश का जिम्मेदार नागरिक बनेगा ऐसे में युवाओं को सदैव लक्ष्य प्राप्ति और सफलता प्राप्ति के लिए निरंतर कठिन श्रम प्रयास संकल्प और अपनी जीवनी को नियमित रखना होगा जिससे घर, समाज और राष्ट्र की उन्नति भी होगी। उल्लेखनीय है की असफलता से ही सफलता की तमाम शिक्षा हमें प्राप्त होती है। विवेकानंद जी ने कहा है कि ब्रह्मांड की सारी शक्तियां हमारे ही भीतर ही है यह हम ही हैं जिन्होंने अपनी आंखों के सामने हाथ रखा है और रोते हुए कहते हैं कि अंधेरा है।

मनुष्य के जीवन में आत्मविश्वास ही ऐसा गुण है जिससे हम संकल्पित होकर बड़े से बड़ा लक्ष्य प्राप्त कर जीवन में सफलता के झंडे गाड़ सकते हैं।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, दैनिक एक्शन इंडिया कार्यालय, 7/1, बल्लूपुर रोड, डॉ टीपी पटनायक के सामने, कृष्ण नगर चौक के पास, देहरादून, उत्तराखण्ड ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**स्थानीय संपादक : हिमांशु अनिकेत (9837313943)**
**actionindiaddn@gmail.com**



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# मोदी बनाम मुद्दा बना चुनावी विमर्श

**तनवीर जाफरी**

**देश** में 18वीं लोकसभा निर्वाचित करने का चुनावी दौर जैसे जैसे आगे बढ़ता जा रहा है वैसे वैसे चुनावी माहौल में भी तल्खी बढ़ती जा रही है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से ऐसी तमाम बातें सुनी जा रही हैं जिसकी देश के प्रधानमंत्री जैसे सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति से उम्मीद भी नहीं की जा सकती। वैसे तो प्रधानमंत्री पद पर बैठते ही मोदी ने अपने बड़पोलेपन और झूठ से देश और दुनिया को आश्चर्य चकित करना शुरू कर दिया था। परन्तु उससे भी बड़े आश्चर्य की बात तो यह कि उन्होंने अपने इस बड़पोलेपन,झूठ और अवैज्ञानिक बातों पर विराम लगाने के बजाये इसे और भी बढ़ाना शुरू कर दिया। शायद उन्होंने देश की जनता को मूर्ख और अनपढ़ समझ रखा था। नाली से गैस निकालकर चाय बनाना,ट्रैक्टर के ट्यूब में गोबर गैस भरकर उससे इंजन चलाकर खेतों की सिंचाई करना, बादल में रडार का काम न करना जैसी अनेक बेतुकी व तथ्यविहीन बातें बोलकर प्रधानमंत्री ने अपने पद की गरिमा को दागदार किया। इसके अतिरिक्त उनका दूसरा प्रिय मिशन रहा गांधी नेहरू परिवार का निम्न स्तर तक विरोध,कांग्रेस मुक्त भारत की उनकी दिली मनोकामना, मुसलमानों का हद दर्जे तक विरोध और विपक्षी नेताओं विशेषकर कांग्रेस नेता राहुल गाँधी द्वारा बोली गयी बातों को अपनी सुविधा के हिसाब से ट्विस्ट देना और बात का बतंगड़ बना देना। मिसाल के तौर पर राहुल गाँधी ने 21 मार्च को भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के अवसर पर मुंबई के शिवाजी पार्क में एक रैली को संबोधित करते हुये कहा था, कि हिन्दू धर्म में शक्ति शब्द होता है। हम शक्ति से लड़ रहे हैं...एक शक्ति से लड़ रहे हैं। बाद में उन्होंने शक्ति शब्द की और व्याख्या करते हुये कहा कि - वह शक्ति क्या है? हमारी लड़ाई नफरत भरी आसुरी शक्ति के खिलाफ है। हमारी आसुरी शक्ति से लड़ाई हो रही है, नफरत भरी आसुरी शक्ति से ।परन्तु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शक्ति शब्द का प्रयोग अपनी सुविधानुसार करते हुये कहा कि उनके लिए हर मां-बेटी शक्ति का स्वरूप है और वह उनके लिए अपनी जान की बाजी लगा देंगे। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिससे यह साबित होता है कि मोदी सिर्फ फुजूल की बातों में लोगों को उलझाकर जनता से जुड़े वास्तविक मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाना चाहते हैं।

# कैसी रीढ़, कहाँ की रीढ़

**डॉ. सुरेश कुमार**

**जलने** जलाने का खेल बहुत पुराना है। लीजिए साहब हर दिन गरमागरम मुद्दों से जलाकर मारने वाली मीडिया आज जलकर मरने वालों की खबर दिखाने जा रही थी। कुल सत्ताईस लोग मरे थे। इस खबर से मीडिया में एक ओर दुख तो दूसरी ओर खुशी का वातावरण छाया हुआ था। दुख इस बात का कि हमारे रहते जलाने का जिम्मा कोई और कैसे उठा सकता है। हमारे जलाने में क्या कोई कमी रह गई थी जो हमसे होड़ लेने नए-नए बंदे मार्केट में उतर आए हैं। दूसरी ओर खुशी इस बात का कि मीडिया की तुलना में जलकर मरने वालों की संख्या समुद्र में एक बूँद के बराबर भी न थी। पहले बंदूकें ईमानदार थी, इसलिए बदनाम थी। शोर-शराबा ज्यादा होता था। आज बंदूकें मीडिया का साइलेंसर लगाकर चलाई जा रही हैं। कभी हिंदू-मुस्लिम का बुलेट तो कभी अजान-चालीसा का बुलेट लिए। बहुत दिनों बाद आज मीडिया वाले स्टूडियो के बाहर की दुनिया दिखाने वाले थे। नहीं तो दिन भर स्टूडियो में चार-पाँच छोटी-छोटी खिड़कियों में से झांककर देखने वाले चेहरों के साथ बात करने में अपने पिछवाड़े की धन्यता समझते थे। एक रिपोर्टर अपने कैमरामेन के साथ घटनास्थल पर पहुँचा तो कई जलकर राख हो गई लाशों में से किसी एक की रीढ़ की हड्डी दिखाई दी। यह देखने की देर थी कि मीडियाभर में तहलका मच गया कि मरने वाला रीढ़धारी था। मांस के लुथड़ों में रहने वालों के बीच रीढधारी का होना बलात्कारियों के बीच एक भोली-भाली अबला का होना था। देश में वैसे तो रीधधारी बचे नहीं, जो बचे वह तो तर्क के साथ बहस करने वाले थे। मीडिया के अनुसार रीढ़ वाले प्रश्न करते हैं। तर्क-वितर्क करते हैं। बढ़ती कीमतों पर सरकार को लताड़ते हैं। पेट्रोल-डीजल-गैस सिलेंडर की कीमत बढ़ने पर आए दिन हंगामा करते हैं। ऐसी प्रवृत्ति वाले देश के विकास के लिए घातक होते हैं। ये लोग जुमलों को पकड़ने में तेज, दाढ़ी में से तिनका निकालने में समर्पित और अच्छे दिन बोलने वालों की बैंड बजाने वाले हैं। ऐसे लोग आतंकवादी होते हैं जो दूर की हाँकने वालों को अपने तार्किक विचारों से धराशायी कर देते हैं। किसी भी देश का विकास रीढ़ की हड्डी वालों से नहीं रंग-बदलने वाले गिरगिटों से होता है।

## न्यूज फ्लैश

### देहरा का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम रहा 100 प्रतिशत

**समालखा ( कुलदीप सिंह )** आदर्श पब्लिक वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय, देहरा का 10वी कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा । 10वी कक्षा में इस वर्ष कुल 35 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी जिसमें से 24 विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान प्राप्त किया एवं अन्य सभी विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। विद्यालय में सोनिया ने 458 अंक के साथ प्रथम, एकता ने 448 अंक के साथ द्वितीय और खुशी ने 447 अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थी खुशी, संजना, हीना, भारती देवी, समरीन, दीपांशु, अंकित कुमार, जतिन, तुषार, श्रुति, प्रदीप, विशाल, मोहित, देवेंद्र, पाखी आदि ने भी मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। विषय सूची में अधिकतम अंकों में हिंदी में सोनिया ने 94 अंक, अंग्रेजी में सोनिया ने 93 अंक, विज्ञान में एकता ने 97 अंक, सामाजिक विज्ञान में खुशी ने 93 अंक, गणित में खुशी ने 93 अंक, शारीरिक शिक्षा में सोनिया ने 98 अंक प्राप्त किए। इस बेहतरीन परीक्षा परिणाम के लिए प्राचार्य सतीश कुमार ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को बधाई दी। इस सफलता का श्रेय बच्चों एवं अध्यापकों को देते हुए सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ऊषा, सुनील, दिनेश, रेखा, अजय, कनिका, लोकेश, प्रताप, निर्मला आदि अध्यापकगण मौजूद रहें।

### तेज रफ्तार अज्ञात कार की टक्कर से कंपनी से लौट रहा युवक घायल

**गन्नौर। बादशाही रोड** पर कंपनी से डयूटी से वापिस आ रहे मोटरसाईकिल चालक को तेज रफ्तार अज्ञात कार चालक ने टक्कर मार दी। टक्क्र इतनी तेज थी कि मोटरसाईकिल चालक घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ गन्नौर थाना पुलिस को शिकायत देकर मामला दर्ज करवाया और कार का पता लगाने की मांग की। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर में सरस्वती स्कूल के समीप रहने वाले सोनू ने बताया कि वह प्राइवेट दवाई की कंपनी में काम करता है। 8 मई की शाम को अपनी मोटरसाइकिल पर सवार होकर बादशाही रोड से अपने घर जा रहा था । जब वह बादशाही रोड पर बेरी के बाग के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार कार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए अपनी कार की तेज लाइटों का डीप्पर मारा और अपनी कार की सीधी टक्कर मेरी मोटरसाइकिल में मारी । टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर बेहोश हो गया। शिकायत में आरोप है कि कार का चालक टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। मोटरसाईकिल चालक ने पुलिस में कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज करवाते हुए कार्रवाई की मांग की।

### कुराड़ की छात्रा ने 500 में से 495 अंक प्राप्त किए

**गन्नौर। एच. के. बरिष्ठ** मा. वि. कुराड़ का हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड़ भिवानी द्वारा घोषित दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा है। बेहतर परिणाम आने पर स्कूल के प्रधानाचार्य कुलदीप सिंह ने मेधावी छात्रों व उनके शिक्षकों को बधाई दी। कुलदीप सिंह ने बताया कि स्कूल की छात्रा श्रेया 495/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में



प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। यह विद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि छात्र रजत ने 486/500 अंक प्राप्त करके द्वितीय व कार्तिकेय ने 471/500 अंक प्राप्त करके विद्यालय में तृतीय स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर शिक्षकों ने मेधावी छात्रों का मुंह मीठा करवाया और बधाई दी।

# मोदी के विकसित भारत के विजन को जनता का समर्थन : मनोहर लाल

## घर-घर संपर्क अभियान के तहत मनोहर लाल ने घर-घर जाकर दिया प्रधानमंत्री मोदी का संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**प्रदेश के पूर्व** मुख्यमंत्री एवं करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने घर-घर संपर्क अभियान के तहत शनिवार को डोर टू डोर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को जनता का पूरा आशीर्वाद और समर्थन मिल रहा है। प्रदेश की जनता उसे पूरा करने में अपना सहयोग देगी और इसके लिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएगी। मनोहर लाल ने शनिवार को इसराना विधानसभा के गांव



गवालडा, समालखा विधानसभा के नारायना, पानीपत ग्रामीण के बुडशाम व पानीपत शहर वार्ड नंबर-15 में जाकर सरकार की उपलब्धियां बताई। जगह-जगह पर लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं और 400 पार के नारे को पूरा करने में साथ देंगे। इस अवसर पर मनोहर लाल ने कहा कि आज यदि भाजपा पर देश भर की जनता अपना विश्वास जता रहीं हैं तो यह पार्टी की एक दिन की मेहनत का परिणाम नहीं बल्कि 10 वर्षों से देश की बेहतरी के लिए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में किए गए निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। सरकार के कामकाज से जनता खुश है।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने माताओं-बहनों को सहायता देने के अनेक प्रयास किए जो केवल आम लोगों के भरोसे और विश्वास के कारण हुए। सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना के जरिए पक्के मकान गरीबों के लिए बनाने का काम किया। सभी के लिए बिजली, पानी, गैस की समुचित व्यवस्था करवाई गई।

आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत की गई ताकि गरीब लोगों को ईलाज करवाने में दिक्कत न आए। सरकार ने किसानों के हित में अनेकों निर्णय लिए। मातृ वंदना योजना के जरिए महिलाओं को सहायता की गई। यह काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता की भलाई के लिए किए।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सबसे पहले गरीब तबके के बारे में सोचा और उनके लिए योजनाएं लागू की। यही वजह है कि आज देश की जनता ने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का मन बनाया है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, मंडल अध्यक्ष संजीव दहिया, सरपंच राहुल गुलिया बुडशाम, पूर्व सरपंच राज कुमार, रजनीश, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष रफाकत हसन सहित अन्य मौजूद रहे।

## प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना गुप्ता ने किया डोर टू डोर प्रचार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**

**प्रधान मंत्री मोदी में पूरे देश** में बिना किसी भेदभाव के विकास कराया।विश्व स्तरीय रोड ,एयरपोर्ट तथा रेलवे स्टेशन बनाए ।वंदे भारत ट्रेन चला भारत की निर्माण शक्ति को विश्व के सामने रखा। ये शब्द प्रदेश महामंत्री भाजपा डा अर्चना गुप्ता ने पानीपत ग्रामीण विधान सभा के बूथ संख्या 194 तथा 195 पर भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समर्थन में में जोरदार डोर टू डोर अभियान चलाते हुए कहे। डा अर्चना गुप्ता ने कहा की मोदी ने सबका साथ,सबका विकास सबका विश्वास सबका विश्वास को अपने कार्यों से सार्थक किया । उन्होंने कहा की ने गरीब कल्याण की अनेकों कदम उठाए। प्रधानमंत्री मोदी ने उज्जवला योजना , हर घर नल से जल, जन औषधि केंद्र खोलना तथा आयुष्मान योजना लाकर लोगो को बिमारी के इलाज से चिंता मुक्त किया। डोर टू डोर अभियान के दौरान मिले लोगों के समर्थन पर कहा की मनोहर लाल बड़ी जीत दर्ज करने की और अग्रसर है। मोदी के 400 पार के लक्ष्य में अपना योगदान शानदार तरीके से देने जा रहे है। डोर टू डोर अभियान में उनके साथ शक्ति केंद्र प्रमुख डा राजबीर आर्य,बूथ अध्यक्ष हरबीर जगलाना,अनीता चावला तथा शीला शर्मा आदि मौजूद रहे।

## स्वामी चेतना वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के 27 छात्र मैरिट में




**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः स्वामी चेतना** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का भिवानी बोर्ड़ का दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने बताया कि छात्रा मोनिका ने 486/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर दिव्या (घसौली) आशी (राजलू गढ़ी) ने 484/500 अंक लेकर द्वितीय, दीपिका (गन्नौर)ने 418/500 अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। शर्मा ने बताया कि स्कूल के 27 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करके अपने परिवार व विद्यालय का नाम गन्नौर में गौरवान्वित किया। उक्त छात्रों के अलावा अन्य सभी विद्यार्थी प्रथम डिविजन में पास हुए। प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा व डिपंल शर्मा ने बेहतर परिणाम आने पर स्कूल के मेहनती शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है। हर साल स्कूल का परीक्षा परिणाम बेहतर रहता है।

## अद्वैत वेदांत दर्शन वास्तविक रूप में विश्व दर्शनः मिश्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :वेदोक्त सनातन,** शाश्वत जीवन दर्शन एवं धर्म के आचार्यों में भगवान श्रीआदिगुरु शंकराचार्य का स्थान निश्चित रूप से सर्वोपरि है। उनके द्वारा प्रदत्त उदार जीवन दर्शन एवं उनके द्वारा किए गए अथक प्रयासों से, विविध विघटित संप्रदायों को सत्य के एक सूत्र में पिरोया गया था। आदिगुरु शंकराचार्य को हम भगवान के अवतार की तरह इसलिए स्वीकार करते है, क्योंकि जो महान कार्य उन्होंने अत्यंत लगभग बत्तीस वर्ष की अल्पायु में किये वह एक साधारण मानव के लिए असंभव प्रतीत होते है। यह विचार मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने आदि गुरु शंकराचार्य जयंती के उपलक्ष्य में आश्रम परिसर में मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में




व्यक्त किये। मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने आदि गुरु शंकराचार्य के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यार्थियों ने आदि गुरु शंकराचार्य द्वारा प्रदत्त अद्वैत वेदांत के मार्ग को अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। डा. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा आदि गुरु शंकराचार्य अद्वैत वेदांत के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्या और सनातन वैदिक धर्म के प्रचारक थे। हिन्दू सनातन वैदिक मान्यता के अनुसार इनको भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। शंकराचार्य ने लगभग अखंड भारत की सम्पूर्ण यात्रा कर चारो दिशाओ में चार पीठों की स्थापना कर भारत को धार्मिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से

**वैदिक**

**आदिगुरु शंकराचार्य को हम भगवान के अवतार की तरह इसलिए स्वीकार करते है**

एकता एवं अखंडता की दृष्टि से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास किया। उनके द्वारा स्थापित चारों पीठे वर्तमान भारत में जो आज भी मौजूद है। आदिगुरु शंकराचार्य द्वारा प्रणीत अद्वैत वेदांत दर्शन वास्तविक रूप में विश्व दर्शन है, जिसमें संपूर्ण धरती एवं मानवता के कल्याण का भाव निहित है। कार्यक्रम का समापन लोक मंगल की कामना के साथ शांति पाठ से हुआ। कार्यक्रम में आश्रम के सदस्य, विद्यार्थी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## मतदान प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए स्वीप गतिविधियों का होना जरूरीः वैशाली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कुरुक्षेत्र जिला** में मतदाता जागरूकता के लिए जिला प्रशासन व एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के सौजन्य से स्थानीय द्रोणाचार्य स्टेडियम में मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से वॉकथॉन आयोजित की गई। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि वॉकथॉन के माध्यम से जिला प्रशासन का यह प्रयास रहेगा कि आगामी 25 मई को होने वाले मतदान का प्रतिशत अधिक से अधिक हो। वॉकथॉन के आइडिया को काफी पसंद किया जा रहा है। इस इवेंट में भागीदारी बनने वाले



अपने आस-पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी जिला में मतदाता जागरूकता के अनेक प्रयास जारी है। वॉकथॉन एक यूनिक आइडिया है और इस इवेंट को लेकर उत्साह भी नजर आ रहा है। उन्होंने कहा की कुरुक्षेत्र में 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। इन चुनावों में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लक्ष्य पर विशेष कार्य जारी है। एडीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि वॉकथॉन भी अपने आप में एक बड़ा इवेंट है, जहां पर कम्युनिटी मोबलाइजिंग के जरिए मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इस मौके पर एडीसी ने वॉकथॉन को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह वॉकथॉन द्रोणाचार्य स्टेडियम से शुरू हुई और अग्रसेन चौक से सेक्टर 13 होते हुए द्रोणाचार्य स्टेडियम वापिस पहुंची। इस वॉकथॉन में कुरुक्षेत्र के एक्टिव वॉकिंग ग्रुप्स, विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ी, विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मीडिया के सहयोग से करीब तीन किलोमीटर लंबी वॉकथॉन में सैकड़ों प्रतिभागियों की भागीदारी रही। इस इवेंट में प्रतिभागियों को मतदान करने की शपथ भी एडीसी ने दिलवाई।कार्यक्रम में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर करतार सिंह धीमान, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के कुलसचिव प्रोफेसर संजीव शर्मा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल, भीम अवार्डी पंकज हुड्डा, अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी नैन्सी ने शिरकत की। इस इवेंट में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र के विद्यार्थियों द्वारा मतदाता जागरूकता पर एक नाटक का मंचन भी किया गया, इसके अलावा यश ग्रुप द्वारा मतदाता जागरूकता पर ग्रुप डांस की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा मतदाता जागरूकता पर गीतों और रागनियों के माध्यम से गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम मे आयोजकों द्वारा अतिथियों को सम्मानित भी किया गया। मंच का संचालन एआईपीआरओ बलराम शर्मा ने किया।

## डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने समारोह में पहुंचकर परिजनों को दी बधाई



**पानीपत/कमाल हुसैन**

**बीते** माह 16 अप्रैल को देश में यूपीएससी परीक्षा 2023 का फाइनल रिजल्ट घोषित किया गया। जिसमें पानीपत जिले के सींक गांव व हाल निवासी शांति नगर के जसवंत मलिक ने 115 वां रैंक हासिल किया। जसवंत मलिक वर्तमान में हरियाणा में एचसीएस के पद पर ट्रेनिंग कर रहे है। उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 115 वां रैंक हासिल कर जिले का ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नाम देशभर में रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर अभिनंदन समारोह रखा गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया पहुंचे। डीसी ने जसवंत मलिक को उनकी इस उपलब्धि पर उन्हें व परिवारजनों को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि जसवंत मलिक जैसे होनहार से समाज के अन्य बच्चों को भी प्रेरणा भी मिलेगी और उनको नई ऊर्जा भी मिलेगी। उन्होंने कहा कि उन्हें जसवंत मलिक की इस उपलब्धि पर बहुत बड़ा गर्व है और इनके माताझपिता के लिए इससे बड़े सम्मान की बात क्या हो सकती है, जिनके बेटे ने यह मुकाम हासिल किया है। डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने कहा कि सभी अभिभावकों को अपने बच्चों की पढ़ाई पर पूरा फोकस करना चाहिए,ताकि वे पढ़ - लिख कर समाज को सकारात्मक रूप से नई दिशा देने का काम कर सकें।

## बद्रीनाथ कपाट खुलते ही सबसे पहले दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआः नैन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक** परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नवीन नैन भालसी व अखिल भारतीय संत समिति उत्तराखंड के महामंत्री मंहत संत अरूण दास जी व उनकी पूरी टीम के साथ इस वर्ष के सबसे पहले श्री बद्रीनाथ विशाल पवित्र धाम के कपाट खुलते ही दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान मंहत अरूणदास जी महाराज ने बताया



कि विश्व स्तर पर बद्रीनाथ विशाल पवित्र धाम की की बहुत ही मान्यता है,दुनिया भर से लोग दर्शन करने के लिए कतार में लखे रहते है। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हम भी सभी मंदिरों को डिजिटल रूप में काम कर रहे है ताकि आने वाली पीढ़ी जो विदेशों में बैठी है जो हमारे भगवानों व पूर्वजों के इतिहास से दूर होती जा रही है उन सभी को इतिहास जागरूक करने के लिए डिजिटल रूप में सभी मंदिरों को जोड़ रहे है।

## बिजली समस्या का समाधान करवाकर जाम खुलवाया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः शहर में तेज** आंधी से खम्भे एवं तारों के टूटने के कारण बिजली का भारी संकट पैदा हो गया। दो दिन से बिजली ना होने के कारण पेयजल का भी भारी संकट गहरा गया। बिजली वितरण निगम के अधिकारियों द्वारा सुनवाई ना किये जाने से गुस्साए चिंतपूर्णी कॉलोनी वासियों ने जानकी दास स्कूल के पास जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन निगम पार्षद



सुरेंद्र मदान के साथ पंहुचकर बिजली निगम के कनिष्ट अभियंता राहुल तथा पुलिस ने समस्या का समाधान करवाकर जाम खुलवाया। तेज आंधी एवं तूफान के कारण जानकी दास स्कूल में खड़े पेड़ तारों पर झुक गए जिसके कारण ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ जाने से लाइट बंद हो जाती है। कॉलोनी वासियों ने कई बार अधिकारियों को फोन किये परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई। राजीव जैन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही जानकी दास स्कूल में खड़े पेड़ों की छंटाई करवा दी जाएगी। राजीव जैन ने बताया कि जिन जिन कालोनियों में पेयजल का संकट पैदा हो गया है उन कालोनियों में टेंकरों के माध्यम से पेयजल उमलब्ध करवाया जा रहा है, उन्होंने बताया कि प्रभु नगर मंडी, सिक्का कॉलोनी, तारा नगर, राजेंद्र नगर, जनता कॉलोनी, दहिया कॉलोनी, फाजिलपुर, गढ़ी ब्राह्मणं, मयूर विहार समेत एक दर्जन से ज्यादा कालोनियों में पेयजल संकट गहराया हुआ है।

## किसान नेताओं ने की नैना चौटाला के किसानों को लेकर दिये गये बयान की निंदा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत जिला के किसान** नेताओं ने हिसार लोकसभा से जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला द्वारा उचाना हलके के गांव में किसानों को लेकर गत दिवस दिये गये ब्यान कि किसान नेता बहू बेटियों का अपमान करते है, की रविवार को पानीपत किसान भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता में कडे शब्दों में निंदा की गई है। पानीपत किसान भवन के प्रधान सुरजभान रावल, भाकियू के पूर्व जिला प्रधान जयकरण कादियान व चूहड सिंह रावल ने संयुक्त रूप कहा कि जजपा प्रत्याशी नैना चौटाला के काफिले को रोक कर जिस तरह से बदसलूकी की गई है, उसकी सभी किसान नेता निंदा करते



है और प्रजातंत्र के अंदर सभी को अपनी बात रखने का हक है। किसी भी पार्टी के प्रत्याशी को गांव में आकर वोट मांगने का हक एवं अधिकार है पर नैना चौटाला द्वारा इस घटना को जिस तरह से लेकर किसानों को बदनाम करनेकी कौशिश की जा रही है, वह सरासर गलत है। किसानों को बदनाम कर-के नैना चौटाला सहानुभूति के आधार पर लोगों के वोट लेना चाहती है पर उनके ऐसे मंसुबे कभी पूरे नहीं होगे। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों ने तो सदैव महिलाओं व बहन, बेटियों का सम्मान किया है और किसान तो कभी महिलाओं के अपमान करने की बात को सोच भी नहीं सकते। दिल्ली में धरने पर बैठी महिला पहलवानों से जब बदसलूकी की गई तब भी हरियाणा के किसान उनके साथ खडे थे। लेकिन उस समय नैना चौटाला तो सतारूढ पार्टी की विधायक थी और उनका बेटा दुष्यंत चौटाला हरियाणा सरकार में डिप्टी सीएम था, तब नैना चौटाला को उन पहलवान बेटियों के सम्मान की बात याद नहीं आई। किसान नेताओं ने कहा कि अनेक स्थानों पर भाजपा व जजपा प्रत्याशियों का विरोध किया जा रहा है लेकिन पानीपत के किसान विरोध करने वाले लोगों से अपील करते है कि लोकतंत्र में सभी को वोट मांगने का हक है और किसी भी प्रत्याशी का विरोध नहीं करना चाहिये। किसान नेताओं ने कहा कि 25 मई अब नजदीक आ चुकी है और किसानों पर लाठी डंडे चलवाने वालों को अब वोट की चोट से जवाब देना चाहिये। सुरजभान रावल ने कहा कि किसी भी पार्टी से किसानों का कोई लेना देना नहीं है लेकिन जो पार्टी किसानों के हित में काम करेगी, उसी की किसान मदद करेगे। इस अवसर पर पूर्व जिला महासचिव रिशीपाल नांदल जाटल, ब्लाक प्रधान देशराज, राजबीर सींक, रामकिशन, कृष्ण नारा, ईश्वर सिंह, दयानंद राठी व आजाद सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं किसानों ने चौ. छोटूराम की प्रतिमा के सामने खडे होकर किसान एकजुटता को लेकर नारेबाजी की गई।

## जरूरत मंद की सेवा भगवान की भगति है प्रवीन जैन

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपतः समाज सेवा संगठन** की ओर से आज 12 मई रविवार को अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 2 दिव्यांग को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की समाज सेवा संगठन अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया अग्रवाल मंडी कार्यालय पर 2 दियांग को हाथ रिक्शा व व्हील चेयर वितरण की जैन ने बताया एक सप्ताह पहले ही इन दिव्यांग बच्चो की हाथ रिक्शा व व्हील चेयर की जरूरत की डिमांड आई थी संगठन मेंबरों ने पता किया एक गुड़िया जो करीब 15 वर्ष की है जो चलने फिरने में असमर्थ है इनके



पास व्हील चेयर नही है और 1 लड़का जिसकी उम्र करीब 19 वर्ष है जो चलने फिरने में असमर्थ हैं इनके पास न व्हील चेयर है न हाथ रिक्शा है इनकी जरूरत को देखते हुए आज हाथ रिक्शा और व्हील चेयर भेट की और बहुत ही भाग्य शाली है हम जो बाबा भोले नाथ ने जरूरत मंद की सेवा करने के लिए हमें चुना है।

# किलियन एम्बाप्पे ने सीज़न के अंत में पीएसजी छोड़ने की घोषणा की



एजेंसी

**मार्सिले।** फ्रांस के स्टार फुटबॉलर किलियन एम्बाप्पे सीज़न के अंत में फ्रेंच लीग 1 क्लब पेरिस सेंट-जर्मन (पीएसजी) छोड़ देंगे। एम्बाप्पे ने इसकी पुष्टि की, हालांकि इसके बाद वह कौन से क्लब से जुड़ेंगे, इसका खुलासा नहीं किया। एम्बाप्पे ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मैं आप सभी को यह बताना चाहता था कि यह पेरिस सेंट-जर्मेन में मेरा आखिरी साल है। मैं इसे आगे नहीं बढ़ाऊंगा और कुछ ही हफ्तों में रोमांच खत्म हो जाएगा। मैं क्लब के लिए अपना आखिरी मैच रविवार को पार्क डेस प्रिंसेस में खेलूंगा।फ्रांसीसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 2017 में मोनाको से ऋण पर पीएसजी में शामिल हुए थे और सीजन समाप्त होने के बाद 180 मिलियन यूरो के हस्तांतरण शुल्क पर आधिकारिक तौर पर क्लब के साथ जुड़ गए थे।टीम के साथ अपने सात वर्षों के दौरान, एम्बाप्पे ने क्लब को छह लीग खिताब और तीन फ्रेंच कप जीत हासिल करने में मदद की, उन्होंने क्लब के लिए 306 मैच खेले और 255 गोल किए। वह टीम के इतिहास में शीर्ष स्कोरर हैं।

# पहले दौर में हारे दीपक पूनिया, पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन को लगा झटका, अमन सेमीफाइनल में पहुंचे

**नई दिल्ली।** अनुभवी भारतीय पहलवान दीपक पूनिया को इस्तांबुल में जारी विश्व ओलंपिक क्वालीफायर के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा जिससे उनके पेरिस ओलंपिक क्वालीफिकेशन को तगड़ा झटका लगा है। हालांकि युवा पहलवान अमन सहरावत 57 किग्रा वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं और वह ओलंपिक कोटा हासिल करने से महज एक कदम दूर हैं। अब तक कोई भारतीय पुरुष पहलवान ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर सका है और भारतीय पहलवानों के पास पेरिस खेलों में शामिल होने का यह आखिरी अवसर है।

**रेपचेज के जरिये आगे बढ़ सकते हैं दीपक**

टोक्यो ओलंपिक में मामूली अंतर से कांस्य पदक से चूके दीपक पूनिया 86 किग्रा के पहले मुकाबले में चीन के ताकतवर जुशेन लिन पर बढ़त लेने के बावजूद 4-6 से हार गए। अब पूनिया का भाग्य रेपेचेज दौर पर टिका है जिसके लिए चीन के इस पहलवान को फाइनल में पहुंचना होगा। अगर जुशेन लिन फाइनल में पहुंचने में सफल रहे तो दीपक रेपचेज के जरिये आगे बढ़ सकते हैं। भारतीय टीम में सबसे अनुभवी पहलवान दीपक पूनिया पहले पीरियड में 3-0 से बढ़त बनाए थे। चीन के पहलवान ने वापसी करते हुए स्कोर 4-3 कर दिया और अंत में जीत दर्ज करने में सफल रहे।

# ओलंपिक की दावेदारी पर आया अनुराग ठाकुर का बयान, बोले- 'अन्य दावेदारों से मुकाबले को हम तैयार'

**नई दिल्ली।** ओलंपिक 2036 की मेजबानी की दावेदारी पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने चर्चा की। उन्होंने बताया कि भारत अन्य दावेदारों का मुकाबला करने को तैयार है। देश के पास भरपूर साधन है जिसके दम पर पोलैंड, इंडोनेशिया, मैक्सिको, कतर जैसे कई देशों को टक्कर दी जा सकती है। खेलों के मेजबान का फैसला अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के भावी मेजबान आयोग द्वारा 2026 या 2027 से पहले नहीं किया जाएगा। दरअसल, आईओसी को अगले साल एक नए अध्यक्ष का चुनाव करना है। वर्तमान आईओसी प्रमुख थॉमस बाख की तरफ से समर्थन मिला है। अनुराग ठाकुर ने कहा, हम पूरी तरह से तैयार हैं। बहुत आसानी से हम ऐसा कर सकते हैं। पिछले साल हमारा पूंजीगत व्यय 10 लाख करोड़ रुपये था, और एक साल पहले, यह 7.5 लाख करोड़ रुपये था। इस साल यह 11,11,111 करोड़ रुपये है। खेल का बुनियादी ढांचा मुश्किल से 5,000 करोड़ रुपये है। भले ही यह 20,000 रुपये तक जाए करोड़, यह किया जा सकता है।

# घरेलू क्रिकेट में बड़ा बदलाव करने जा रहा है बीसीसीआई, टॉस खत्म करने का रखा प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) घरेलू क्रिकेट में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। भारत के 2024-25 घरेलू सीजन में कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं जिसमें टॉस खत्म करने का प्रस्ताव भी शामिल है। पता चला है कि 2024-25 सत्र के लिए घरेलू क्रिकेट कैलेंडर के पुनर्गठन का एक मसौदा प्रस्ताव बोर्ड की शीर्ष परिषद को भेजा गया है। यह प्रस्ताव बीसीसीआई सचिव जय शाह, भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, चयन समिति के अध्यक्ष अजीत अगरकर, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के परामर्श के बाद बनाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई सीके नायुडू ट्रॉफी से टॉस को खत्म करने पर विचार कर रहा है जिसका आयोजन एक नई अंक प्रणाली के साथ किया जाएगा।

# गेंदबाजों के दम पर कोलकाता ने मुंबई को दी मात

एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने स्पिनर वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर मुंबई इंडियंस को बारिश से बाधित मुकाबले में 18 रनों से हराया। इस जीत के साथ ही श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम आईपीएल के मौजूदा सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई है। केकेआर ने मुंबई के सामने जीत के लिए 16 ओवर में 158 रनों का लक्ष्य रखा था, लेकिन मुंबई की टीम निर्धारित 16 ओवर में आठ विकेट पर 139 रन ही बना सकी। मुंबई के लिए सबसे ज्यादा 40 रन ईशान किशन ने बनाए। केकेआर की ओर से वरुण, आंद्रे रसेल और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए।

**तालिका में शीर्ष पर मौजूद केकेआर**

केकेआर की 12 मैचों में यह नौवीं जीत है और वह 18 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर मौजूद है। कोलकाता के बाद राजस्थान की टीम है जिसके 11 मैचों में 16 अंक हैं। राजस्थान का रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से सामना होना है। अगर राजस्थान यह मुकाबला जीतने में सफल रही तो केकेआर के बाद प्लेऑफ में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन जाएगी। दूसरी ओर, मुंबई की 13 मैचों में यह नौवीं हार है और वह अंक तालिका में नौवें स्थान पर मौजूद है। मुंबई की टीम पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है।

**रोहित-ईशान ने मुंबई को दिलाई तेज शुरुआत**




लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई को इंपैक्ट प्लेयर के तौर पर उतरे रोहित शर्मा और ईशान किशन की सलामी जोड़ी ने मजबूत शुरुआत दिलाई। इन दोनों बल्लेबाजों ने पावरप्ले तक बिना किसी नुकसान के 62 रन बना लिए थे। रोहित ने इस दौरान वैभव अरोड़ा को आड़े हाथों लिया, जबकि ईशान किशन ने तेजी से रन बनाए। हालांकि, अनुभवी स्पिनर सुनील नरेन ने सातवें ओवर की पांचवीं गेंद पर ईशान को आउट कर केकेआर को पहली सफलता दिलाई। ईशान 22 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 40 रन बनाकर आउट हुए।

**मुंबई की पारी लड़खड़ाई**

ईशान के आउट होने के बाद मुंबई की पारी लड़खड़ा गई और अगले ओवर में वरुण चक्रवर्ती ने रोहित को आउट कर मुंबई को दूसरा झटका दिया। रोहित 24 गेंदों पर एक चौका और एक छक्का की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव भी कुछ कमाल नहीं दिखा सके और आंद्रे रसेल की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के चक्कर में अपने विकेट गंवा बैठे। सूर्यकुमार यादव 14 गेंदों पर एक चौके की मदद से 11 रन बनाकर आउट हुए। मुंबई की टीम जब तक इन झटकों से उबर पाती उससे पहले ही वरुण चक्रवर्ती ने कप्तान हार्दिक पांड्या (02) रन और आंद्रे रसेल ने टिम डेविड को खाता खोले बिना आउट कर मुंबई को मुश्किल में डाल दिया।

**तिलक ने खेली तूफानी पारी**

गिरते विकेटों के बीक तिलक वर्मा ने हर्षित राणा पर लगातार शॉट्स लगाए और तूफानी पारी खेली। तिलक ने 15वां ओवर करने आए हर्षित के ओवर से 16 रन निकाले। तिलक ने इस ओवर में एक छक्का और दो चौके जड़े। हालांकि दूसरे छोर पर नेहाल वढेरा तेजी से रन चुराने के चक्कर में रन आउट हो गए। वढेरा तीन गेंदों पर तीन रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नमन धीर छह गेंदों पर 17 रन बनाकर आउट हुए।हर्षित राणा ने आखिरी ओवर की पहली गेंद पर नमन धीर को आउट किया। फिर तिलक वर्मा भी हर्षित का शिकार बने। तिलक ने 17 गेंदों पर 32 रनों की पारी खेली।

# टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेंगे एंडरसन, वेस्टइंडीज़ के खिलाफ खेलेंगे आखिरी टेस्ट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन इस गर्मी में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले और सर्वकालिक महान गेंदबाजों में से एक 41 वर्षीय पेसर ने शनिवार को सोशल नेटवर्किंग साइट %%एक्स%% पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि 10 जुलाई को वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट उनका आखिरी टेस्ट होगा। एंडरसन ने यह निर्णय टेस्ट कोच ब्रेंडन मैकुलम के साथ बातचीत के बाद लिया है, जो भविष्य के लिए गेंदबाजी आक्रमण बनाना चाहते हैं।

एंडरसन ने कहा, मैं इंग्लैंड के लिए खेलना बहुत मिस करूंगा। लेकिन मैं जानता हूं कि अलग हटने और दूसरों को उनके सपनों को साकार करने देने का यह सही समय है, जैसा कि मैंने किया, क्योंकि इससे बड़ी कोई भावना नहीं है। एंडरसन ने 2003 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया और 187 टेस्ट मैचों में 700 विकेट लिए हैं - जो टेस्ट



इतिहास में किसी भी तेज गेंदबाज द्वारा सबसे अधिक है। वह टेस्ट में विकेट लेने वालों की सर्वकालिक सूची में श्रीलंका के स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न के बाद तीसरे स्थान पर हैं।

हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि वह अपनी काउंटी लंकाशायर के लिए खेलना जारी रखेंगे या नहीं।

एंडरसन ने कहा, अपने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए, उस खेल को खेलते हुए, जो मुझे बचपन से पसंद है, 20 साल अविश्वसनीय रहे हैं। मैं आगे आने वाली नई चुनौतियों के लिए उत्साहित हूँ। उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने वर्षों से मेरा समर्थन किया है, यह हमेशा बहुत मायने रखता है, भले ही अक्सर मेरे चेहरे पर यह दिखाई न दे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष रिचर्ड थॉम्पसन ने कहा कि इंग्लिश क्रिकेट एंडरसन को ऐसी विदाई देना चाहेगा, जो किसी अन्य को नहीं मिली। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि हम जिमी की बराबरी करने वाला कोई गेंदबाज दोबारा देख पाएंगे। इंग्लैंड के एक प्रशंसक के रूप में उन्हें देखना और गेंद के साथ उनके कौशल से आश्चर्यचकित होना सम्मान की बात है। थॉम्पसन ने आगे कहा कि 41 साल की उम्र में भी एंडरसन का अपने खेल के शीर्ष पर गेंदबाजी करना उल्लेखनीय है, और वह साथियों और युवा पीढ़ी के लिए एक सच्ची प्रेरणा और आदर्श हैं।उनका अंतिम टेस्ट भावनात्मक होने का वादा करता है और जुलाई में लॉर्ड्स में उनका अंतिम टेस्ट देखना सम्मान की बात होगी।

# विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंचे रामित टंडन

**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ी रामित टंडन ने काहिरा में चल रहे विश्व स्क्वैश चैंपियनशिप में विजयी शुरुआत करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। रामित ने पहले दौर के मुकाबले में अमेरिकी खिलाड़ी फराज खान को 3-0 (11-1, 11-3, 11-3) से शिकस्त दी। दुनिया के 36वें नंबर के खिलाड़ी रामित ने यह मुकाबला केवल 13 मिनट में जीता। इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे एकमात्र भारतीय खिलाड़ी टंडन, दूसरे दौर में इंग्लैंड के सातवीं वरीयता प्राप्त मोहम्मद एल्शोरबागी से भिड़ेंगे। बता दें कि इससे पहले पिछले रामित एल गौना इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के तीसरे दौर तक पहुंचे थे, जहां उन्हें पेरू के विश्व नंबर 3 डिएगो एलियास से हार का सामना करना पड़ा था। रामित को एलियास ने 35 मिनट में 11-2, 11-4, 11-2 से हराया था। विश्व के 40वें नंबर के भारतीय खिलाड़ी ने एल गौना



इंटरनेशनल ओपन स्क्वैश टूर्नामेंट के पहले दौर में मिस्र के विश्व के 62वें नंबर के अली हुसैन को और दूसरे दौर में फ्रांस के विश्व के 11वें नंबर के खिलाड़ी विक्टर क्राउइन को हराया था।

# संस्कार के चार खिलाड़ी एलिट क्रिकेट ग्रुप हेतु चयनित, एकेडमी और स्कूल से जिले का नाम हो रहा रोशन

एजेंसी

**रायगढ़।** जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल एवं क्रिकेट कोचिंग संस्था संस्कार क्रिकेट एकेडमी के चार होनहार खिलाड़ियों का चयन छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के एलिट ग्रुप के मैचों हेतु किया गया है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एलिट ग्रुप में बनने वाली टीम प्लेट कम्बाइंड टीम में जिले के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें से चार खिलाड़ी संस्कार स्कूल और संस्कार क्रिकेट एकेडमी से हैं। इनका नाम अंकित बंजारे, दैविका महामिया, निखिल पटेल व अंशुल सिंह हैं।

रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि संस्कार पब्लिक स्कूल में खिलाड़ियों को विशेष प्रोत्साहन दिया जाता है। जिसके चलते विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ खेल में भी अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। इसके अलावा संस्कार क्रिकेट एकेडमी में प्रशिक्षण ले रहे क्रिकेट खिलाड़ियों को सीके नायडू ट्रॉफी में

**संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि एलिट ग्रुप में बनने वाली टीम प्लेट कम्बाइंड टीम में जिले के छह खिलाड़ियों का चयन किया गया है। इसमें से चार खिलाड़ी संस्कार स्कूल और संस्कार क्रिकेट एकेडमी से हैं। इनका नाम अंकित बंजारे, दैविका महामिया, निखिल पटेल व अंशुल सिंह हैं।**

मध्यप्रदेश टीम के पूर्व कप्तान रहे पंकज बोहिदार एवं वरिष्ठ खिलाड़ी शरद यादव के साथ-साथ सीके नायडू ट्रॉफी विजेता टीम के सदस्य, तीन बार के रोहिंटन बारिया विश्वविद्यालयीन क्रिकेट टीम के सदस्य रामचन्द्र शर्मा का मार्गदर्शन मिलता है। बहुत ही अल्प समय में संस्कार क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ियों ने व संस्कार के विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ-साथ खेल एवं व्यक्तित्व विकास कार्यक्रम में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि इसमें से निखिल पटेल, अंशुल सिंह शानदार हरफनमौला खिलाड़ी हैं। जबकि अंकित बंजारे व दैविक महामिया शानदार बल्लेबाज है। इन खिलाड़ियों के चयन पर संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्या रश्मि शर्मा, संस्कार क्रिकेट एकेडमी के मुख्य कोच पंकज बोहिदार, सहायक कोच शरद यादव सहित सभी पालकों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

# आईपीएल 2024 : आचार संहिता उल्लंघन पर एक मैच के लिए निलंबित हुए पंत

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋ षभ पंत को आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। जिसका अर्थ है कि पंत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ होने वाले मैच में नहीं खेल पाएंगे।

आईपीएल की ओर से शनिवार को जारी एक बयान में कहा गया, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत पर जुर्माना लगाया गया है और उन्हें आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने 07 मई, 2024 को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 56वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखी थी।'

बयान में आगे कहा गया, 'चूंकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का तीसरा अपराध था, इसलिए ऋषभ पंत पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया। इम्पैक्ट प्लेयर सहित प्लेइंग इलेवन के बाकी सदस्यों पर व्यक्तिगत रूप से 12 लाख रुपये या उनकी संबंधित मैच फीस का 50 प्रतिशत, जो भी कम हो, जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 8 के अनुसार, दिल्ली कैपिटल्स ने मैच रेफरी के फैसले को चुनौती देते हुए अपील दायर की।



इसके बाद, अपील को समीक्षा के लिए बीसीसीआई लोकपाल के पास भेजा गया। लोकपाल ने एक आभासी सुनवाई की और पुष्टि की कि मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी है।' बता दें कि इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स ने राजस्थान रॉयल्स को 20 रन से शिकस्त दी थी।

# केरल सुपर लीग 2024 के उद्घाटन संस्करण का आयोजन सितंबर में, छह टीमें लेंगी हिस्सा

एजेंसी

**कोच्चि।** इस साल सितंबर में शुरू होने वाली केरल सुपर फुटबॉल लीग (केएसएल) के उद्घाटन संस्करण के लिए छह टीमों की घोषणा शाम कोच्चि में एक बड़े कार्यक्रम में की गई। तिरुवनंतपुरम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझिकोड, मलप्पुरम और कन्नूर की टीमें घरेलू और बाहरी आधार पर भाग लेंगी, जिसमें विजेता का चयन नॉकआउट राउंड के माध्यम से किया जाएगा।

कार्यक्रम के दौरान केएसएल के सीईओ मैथ्यू जोसेफ ने कहा, फुटबॉल प्रेमियों के लिए पहुंच के उचित प्रसार के लिए लीग ने सावधानीपूर्वक स्टेडियमों और स्थानों को चुना है। ये स्थान अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करेंगे और प्रशंसकों के लिए एक अद्वितीय अनुभव का वादा करेंगे। तिरुवनंतपुरम फ्रेंचाइजी कोच्चि फ्रेंचाइजी के साथ जेएनआई स्टेडियम में खेलेंगी, जबकि कन्नूर और कोझिकोड टीमें ईएमएस कॉर्पोरेशन स्टेडियम का उपयोग करेंगी। मलप्पुरम और त्रिशूर अपने घरेलू मैच मंजेरी में खेलेंगे। जोसेफ ने कहा, हम तिरुवनंतपुरम फ्रेंचाइजी के घरेलू मैचों को तिरुवनंतपुरम के चंद्रशेखरन नायर स्टेडियम में आयोजित करने की संभावनाओं की भी जांच कर रहे हैं। लेकिन फिर से, स्टेडियम केरल पुलिस के प्रशासन के अंतर्गत आता है, और हमें यकीन नहीं है कि हमारे मैच के दिन हमें स्टेडियम मिलेगा या नहीं । इसके अलावा, त्रिशूर में कॉर्पोरेशन स्टेडियम स्थानीय फ्रेंचाइजी के मैचों को आयोजित करने की योजना में है, लेकिन कुछ भी तय नहीं हुआ है। लीग को इस साल सितंबर में शुरू करने की योजना है और यह 45-60 दिनों तक चलेगी। इस टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों को केएसएल ड्राफ्ट से चुना जाएगा जिसमें केरल और गैर-केरल फुटबॉलरों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भी शामिल होंगे। केरल फुटबॉल एसोसिएशन (केएफए) के अध्यक्ष नवास मीरान ने कहा, केएसएल आईएसएल और आई-लीग के पहले भाग के दौरान आयोजित किया जाएगा, लेकिन हम इसे इस तरह से डिजाइन करेंगे कि मैच केरल ब्लास्टर्स और गोकुलम केरल एफसी दोनों के खेल से नहीं टकराएंगे।

# मुंबई सिटी एफसी ने मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी का अनुबंध 2025/26 सीज़न के अंत तक बढ़ाया

एजेंसी

**मुंबई।** मोहन बागान एसजी को हराकर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2023-24 का खिताब जीतने के बाद मुंबई सिटी एफसी ने मुख्य कोच पेट्र क्रैटकी का अनुबंध 2025/26 सीज़न के अंत तक बढ़ा दिया है। क्लब ने बुधवार रात उक्त जानकारी दी। चेक गणराज्य के रहने वाले, 42 वर्षीय पूर्व डिफेंडर क्रैटकी ने दिसंबर 2023 में सीज़न के बीच में आइलैंडर्स की कमान संभाली थी। मुंबई सिटी एफसी मुख्य कोच के रूप में क्रैटकी का पहला स्थायी कार्यभार है। उन्होंने 23 मैचों में क्लब का निर्देशन किया है, जिनमें क्लब ने 16 जीते हैं और तीन ड्रा रहे हैं। क्रैटकी के संरक्षण में, टीम ने बड़ी ऊंचाइयों को छुआ और आईएसएल के लीग चरण (47 अंक) में अपना अब तक का सबसे उच्चतम अंक दर्ज किया। जब से क्रैटकी ने पदभार संभाला,




आईएसएल में क्लब के 37 में से 23 (62त्न से अधिक) गोल भारतीयों द्वारा किए गए।

क्रैटकी, जो पहले कभी भारत नहीं आए थे, अब आगामी सीज़न पर अपने लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इस अवसर पर क्रैटकी ने कहा, ÷मुंबई सिटी एफसी के साथ मेरा पहला सीज़न शानदार रहा है, पूरी टीम महत्वाकांक्षी लोगों से भरी है, जो चाहे कुछ भी हो जाए, एकजुट रहते हैं। आईएसएल कप के साथ सीज़न समाप्त करना निश्चित रूप से बहुत अच्छा था, और अगले सीज़न में हम वापस आएंगे और अपनी सभी प्रक्रियाओं में मजबूत और अधिक सुसंगत होंगे। भारत में कुछ बेहतरीन फुटबॉल प्रतिभाएं हैं और मैं उनके साथ काम करना जारी रखने का मौका पाकर खुश हूं।मुंबई सिटी एफसी के सीईओ कंदर्प चंद्रा ने कहा, हम सभी पेट्र के अनुबंध को 2025/26 सीज़न के अंत तक बढ़ाने से प्रसन्न हैं। वह फुटबॉल दर्शन को समझते हैं। हमें विश्वास है कि हम उनके नेतृत्व में, अन्य टीमों की तरह मनोरंजक और आकर्षक फुटबॉल खेलना जारी रखेंगे।

# पहलवान निशा दहिया ने भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल किया

एजेंसी

**इस्तांबुल।** निशा दहिया ने इस्तांबुल, तुर्की में विश्व कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर में महिला फ्रीस्टाइल 68 किग्रा वर्ग में भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल किया। यह भारत के लिए पांचवां पेरिस 2024 कुश्ती कोटा था। सभी महिला पहलवानों के माध्यम से आये हैं। भारत ग्रीको-रोमन में कोटा हासिल करने में विफल रहा इस्तांबुल प्रतियोगिता पहलवानों के लिए आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा प्राप्त करने का अंतिम अवसर है। प्रत्येक भार वर्ग में तीन पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा निर्धारित है। प्रत्येक डिवीजन में दो फाइनलिस्ट अपने-अपने देशों के लिए पेरिस 2024 ओलंपिक कोटा प्राप्त करेंगे। इस बीच, तीसरा स्थान भार वर्ग में दो कांस्य पदक विजेताओं के बीच प्लेऑफ मुकाबले के विजेता को मिलेगा। निशा ने राउंड 16 में पूर्व अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता व्यक्तिगत तटस्थ एथलीट अलीना शाउचुक को 3-0 से हराया और सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त चेकिया की एडेला हंजलिकोवा को 7-4 से हराया।

सेमीफाइनल में विश्व चैंपियनशिप की पूर्व कांस्य पदक विजेता और यूरोपीय चैंपियन रोमानिया की एलेक्जेंड्रा एंगेल का सामना करते हुए, भारतीय पहलवान ने दबाव में आकर 8-4 से जीत हासिल की और इसके साथ ओलंपिक कोटा भी हासिल किया। अंतिम पंघाल (53 किग्रा) ने 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप से भारत के लिए पहला कोटा प्राप्त किया, जबकि विनेश फोगट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और रीतिका हुडा (76 किग्रा) ने पिछले महीने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में कोटा हासिल किया। हालाँकि, महिलाओं के 62 किग्रा में मानसी अहलावत की कोटा खोज 16वें राउंड में वेरानिका इवानोवा ने समाप्त कर दी। यह पहली बार है कि ओलंपिक में भारत की पाँच महिलाएँ कुश्ती लड़ेंगी। टोक्यो 2020 में चार महिलाओं ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था। हालाँकि, चूंकि राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों के पास ओलंपिक खेलों में अपने संबंधित देशों के प्रतिनिधित्व के लिए विशेष अधिकार है, पेरिस खेलों में एथलीटों की भागीदारी उनके एनओसी पर निर्भर करती है जो उन्हें पेरिस 2024 में अपने प्रतिनिधिमंडल का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुनती है।आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों में ग्रीको-रोमन कुश्ती में प्रतिनिधित्व की भारत की उम्मीदें उस वक्त समाप्त हो गईं जब सुनील कुमार पुरुषों के 87 किग्रा वर्ग के रेपेचेज में हार गए। पिछले साल हांगझू एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले सुनील कुमार ने अपने पहले रेपेचेज मुकाबले में ग्रीस के इलियास पगकालिडिस को 10-3 से हराया लेकिन अगले मुकाबले में स्वीडन के एलेक्स केसिडिस से 9-4 से हार गए। कोटा हासिल करने के लिए उन्हें चार मुकाबले जीतने थे। यह लगातार दूसरा ग्रीष्मकालीन खेल होगा जहां ओलंपिक में ग्रीको-रोमन कुश्ती में भारत का कोई प्रतिनिधित्व नहीं होगा। भारतीय पहलवान टोक्यो 2020 के लिए भी कट हासिल करने में असफल रहे थे। आखिरी बार भारतीय ग्रीको-रोमन पहलवानों ने रियो 2016 में ओलंपिक में भाग लिया था।छह भारतीय पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवान ओलंपिक कोटा हासिल करने के लिए मैट पर उतरेंगे।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ देहरादून ▸ 13 मई 2024 ▸ पृष्ठ 08 ▸ आरएनआई: UTTHIN / 2009 / 31653
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## लोहा बेल्डर बन गया अवैध असलहा फैक्ट्री मालिक

**झांसी: जल्दी धनवान बनने के चक्कर में** लोहा बेल्डर बेल्डिंग करते करते अवैध असलहा फैक्ट्री का मालिक बन बैठा। स्वाट व प्रेमनगर पुलिस ने ऐसी ही अवैध तमंचा फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके पास से करीब दर्जन भर तमंचे व अधबने असलहों समेत उपकरण बरामद कर उन्हें जेल भेज दिया। पिछले करीब 1 साल से अवैध असलहों की फैक्ट्री में अवैध कारोबार फल फूल रहा था। पुलिस इन तीनों से असलहा खरीदने वालों की तलाश कर रही है। लोकसभा सामान्य निर्वाचन निष्पक्ष व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के जिला व पुलिस प्रशासन कमर कसे हुए हैं। इसी के मद्देनजर अवैध शराब व अराजकता के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को पुलिस लाइन में एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार ने खुलासा करते हुए पत्रकारों को बताया कि स्वाट टीम और प्रेमनगर पुलिस ने देर रात बदमाशों के खिलाफ अभियान चला रही थी। तभी प्रेमनगर क्षेत्र स्थित एसी लोको शेड के पास जंगलों में छापेमारी करते हुए रंजित यादव निवासी मध्यप्रदेश के जिला दतिया मकरारी, धर्मेंद्र यादव निवासी आजाद पुरा नगरा व राकेश झा निवासी राजीव नगर नगरा को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 11 तमंचा 315 बोर, सात अधबने, 12 बोर,, 32 बोर के बरामद किए। साथ ही असलहा बनाने में उपयोग किए जाने वाले उपकरण छैनी, हाथौड़ा, लकड़ी, नाल रैती सहित कई उपकरण बरामद किए। उन्होंने बताया पकड़े गए तीनो अभियुक्तों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।

## मतदान सम्पन्न कराने को 418 माइक्रो आब्जर्वर्स

**कानपुर: लोकसभा** चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को होने वाले मतदान को सम्पन्न कराने के लिए 48 जोनल मजिस्ट्रेट और 304 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 418 माइक्रो आब्जर्वर की तैनाती की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण का मतदान सोमवार को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि जनपद कानपुर नगर के मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में 6 जोनल मजिस्ट्रेट, 41 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 70 माइक्रो ऑब्जर्वर्स तैनाती की गई है। इसी तरह कानपुर नगर लोकसभा क्षेत्र गोविंद नगर विधानसभा क्षेत्र में 5 जोनल मजिस्ट्रेट, 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 35 माइक्रो आब्जर्वर की निगरानी में मतदान कराया जाएगा।

# 4 जून के बाद माफिया मुक्त होगा यूपी: योगी

## सीएम योगी आदित्यनाथ ने आजम खान को बताया महाभारत का 'काका श्री'

**चेतावनी दी**

▶▶ मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने माफिया को एक बार फिर चेतावनी दी है। साफ कहा है कि चार जून के बाद हमारी सरकार यूपी को माफिया मुक्त राज्य घोषित करने के लिए एक निश्चित कट-आफ तारीख तय करेगी। कहा, सभी माफिया नेताओं की अर्जित संपत्तियों को जब्त किया जाएगा और इसे गरीबों, अनाथों, महिला संरक्षण गृहों व दिव्यांगों के घरों के लिए आवंटित कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि माफिया की अवैध जमीनों पर अस्पताल और स्कूल बनाए जाएंगे। पहले चरण में माफिया को टारगेट किया जाएगा और दूसरे चरण में उनके गुर्गों की संपत्तियां भी जब्त की जाएगी। इसके लिए हमारी कार्य योजना भी तैयार है। मुख्यमंत्री ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री आजम खान से जुड़े सवाल का भी जवाब दिया। आजम खान की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाने के आरोपों पर उन्होंने कहा कि ये उस महाभारत परिवार के एक और "काका श्री" हैं। जब द्रौपदी का चीरहरण हो रहा था, तो दुर्योधन और दुशासन के सामने हर कोई चुप था। जैसी करनी, वैसी भरनी (जैसा बोओगे, वैसा काटोगे), चाहे वह आजम खान हों या कोई माफिया सरगना। उन्होंने राज्य के विकास में बाधा डाली, इसलिए ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा कि जो भी दंगा करेगा उस पर डंडा तो चलेगा ही। यूपी में दंगा करने वालों को सात पीढ़ी तक जुमार्ना भरना होगा। आज प्रदेश की बहन-बेटियां सुरक्षित हैं।

## विपक्ष को अपनी हार का एहसास है: योगी



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा। 75 साल की उम्र में प्रधानमंत्री मोदी के राजनीति से सेवानिवृत्त होने के केजरीवाल के दावे पर योगी ने जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्ष को अपनी हार का एहसास है। यही वजह है कि वह उम्र का सहारा ले रहा है।

**छद्म आक्रमण का निरर्थक प्रयास कर रहा विपक्ष:** योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर लिखा कि 'प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक प्राप्त हो रहे अपार जन समर्थन के सम्मुख विपक्ष का सारा प्रोपोगैंडा विफल हो गया है। लोकसभा चुनाव में अपनी पराजय सुनिश्चित जान, हताश विपक्ष मोदी जी की आयु का बहाना बनाकर छद्म आक्रमण का निरर्थक प्रयास कर रहा है।' योगी ने आगे लिखा कि 'भारत का जन गण मन जानता है कि मोदी का हर क्षण भारत माता को परम वैभव तक ले जाने के लिए समर्पित है।' उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और एक भारत-श्रेष्ठ भारत' की संकल्पनाएं सिद्ध हो रही हैं। तीसरे कार्यकाल में भारत वैश्विक महाशक्ति बनने की दिशा में नई ऊंचाइयों को स्पर्श करेगा। अरविंद केजरीवाल ने भाजपा से पूछा था कि आपका प्रधानमंत्री कौन होगा? उन्होंने तर्क दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी 2025 में 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे।

अब अपराधी गले में तख्ती डालकर जान की भीख मांगने पर मजबूर है। हमने प्रदेश में एक भयमुक्त वातावरण दिया है।

# सपा ने जारी की प्रत्याशियों की एक और लिस्ट



**ऐलान**

▶▶ सपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दोनों प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए दो और सीटों पर प्रत्याशियों के नाम का ऐलान कर दिया है। सपा ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दोनों प्रत्याशियों की लिस्ट जारी की। पार्टी ने मिर्जापुर सीट से रमेश बिंद व रॉबर्ट्सगंज सीट से छोटेलाल खरवार को प्रत्याशी बनाया है। सपा मुखिया अखिलेश यादव की अंतिम मुहर लगने के बाद मिर्जापुर व रॉबर्ट्सगंज सीट पर सभी अटकलों पर विराम लग गया है। सपा की ओर से मिर्जापुर सीट से रमेश बिंद व रॉबर्ट्सगंज सीट से छोटेलाल खरवार को उम्मीदवार बनाया गया है। बता दें रमेश बिंद भाजपा के टिकट पर भदोही से सांसद हैं। समाजवादी पार्टी ने पहले यहां राजेंद्र बिंद को टिकट दिया था। अब उनका टिकट काटकर रमेश बिंद को दिया गया है। बता दें एनडीए गठबंधन में दोनों सीटे अपना दल एस के खाते में गई हैं।

# नौकरियां तो नीतीश कुमार ने दी: जीतनराम मांझी



**क्रेडिट की होड़**


▶▶ मांझी ने कहा कि किसी भी सरकार का हेड मुख्यमंत्री होता है तो, यह नौकरी नीतीश कुमार के अतिरिक्त किस ने दी?

**टीम एक्शन इंडिया**
**मोतिहारी:** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जीतनराम मांझी ने मोतिहारी जिले में एनडीए गठबंधन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने नौकरी का क्रेडिट लेने पर तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला। मांझी ने कहा कि किसी भी सरकार का हेड मुख्यमंत्री होता है तो, यह नौकरी नीतीश कुमार के अतिरिक्त किस ने दी? कई विभाग पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव के पास थे। वह बताएं कि उन विभागों में उन्होंने कितनी नौकरियां दीं। मांझी ने कहा कि तेजस्वी यह भ्रम फैला रहे हैं कि एनडीए अगर 400 से ज्यादा सीटें जीत जाएगी तो वह संविधान को बदल देगी। इस झूठ से भी सावधान रहने की जरूरत है। संविधान में संशोधन के लिए पर्याप्त बहुमत रहने के कारण ही धारा 370 हटा। जब उस समय आरक्षण नहीं हटा तो, आगे ऐसा कुछ नहीं होने वाला है।

## चुनाव: उप्र में 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक मिला

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में सख्ती से आदर्श आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है। इसी के तहत अब तक यूपी में 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक और 530 बम बरामद हुए हैं। अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है।

# सियासी रण में साइबर वार को आइटी योद्धा तैयार



**चुनाव का रूख**

▶▶ इंटरनेट मीडिया के लगभग सभी माध्यमों पर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। कड़ी चुनाव का रुख तय कर रही

**टीम एक्शन इंडिया**
**गोरखपुर : चुनाव करीब** है, तरह-तरह के सियासी आयोजनों से इसका अहसास जमीन पर तो हो ही रहा है, साइबर दुनिया भी सियासी हो चली है। इंटरनेट मीडिया के लगभग सभी माध्यमों पर राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। सभी मंचों पर सवाल-जवाब की कड़ी चुनाव का रुख तय कर रही है। सभी दलों ने अपने आइटी योद्धाओं को टीम बनाकर सक्रिय कर दिया है। वह इंटरनेट मीडिया पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। दल की नीतियों और उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के साथ विपक्षी की ओर से उठ रहे सवालों का मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। कोई क्रिएटर है तो कोई चेकर। किसी की जिम्मेदारी डिस्ट्रीब्यूटर के तौर पर तय की गई है। सभी अपनी-अपनी भूमिका बखूबी निभा रहे हैं। साइबर मोर्चे पर आइटी योद्धाओं को समर्थकों का भी साथ मिल रहा है। उनकी सहयोग से हर दल में साइबर प्रचार का असर भी दिख रहा है।

**भाजपा ने उतारी क्षेत्र से लेकर मंडल तक आइटी टीम:** भाजपा ने इसे लेकर खास तैयारी की है। क्षेत्र से लेकर मंडल तक आइटी योद्धाओं की टीम उतारी है। लोकसभा और विधानसभा स्तर पर तैनात 10-10 आआइटी योद्धा इंटरनेट मीडिया के हर मोर्चे पर विपक्षी के हर साइबर वार का काट तैयार करे हैं, साथ ही बदले में वार भी कर रहे। पार्टी की नीतियों और उपलब्धियों को आडियो-वीडियो के जरिये इंटरनेट मीडिया के हर प्लेटफार्म पर पहुंचाने की भी उनकी जिम्मेदारी है। भाजपा सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों की लाभ कहानी जन-जन तक पहुंचाकर मतदाताओं को लुभाने की पूरी तैयारी है। विपक्षी के सवाल के निर्यंत्रित जवाब का उन्हें निर्देश है।

# पंजाब के 'रण' में युवा योद्धा




**ताल ठोकेंगे**

▶▶ अब तक घोषित प्रत्याशियों में से संगरूर से आप प्रत्याशी गुरमीत सिंह मीत हेयर सबसे कम उम्र के ह

**टीम एक्शन इंडिया**
**जालंधर** : कोई भी चुनाव लड़ने के लिए न्यूनतम उम्र होना तो अनिवार्य है, लेकिन अधिकतम उम्र का कोई बंधन नहीं है। लोकसभा चुनाव के लिए अब तक घोषित प्रत्याशियों में से संगरूर से आप प्रत्याशी गुरमीत सिंह मीत हेयर सबसे कम उम्र के हैं। उनकी उम्र 34 वर्ष है। सबसे अधिक उम्र की प्रत्याशी 79 वर्षीय परनीत कौर हैं। फरीदकोट से शिअद प्रत्याशी राजविंदर सिंह की उम्र 47 वर्ष है, जो पार्टी के सभी प्रत्याशियों में सबसे कम है। कांग्रेस की ओर से सबसे कम उम्र के प्रत्याशी खडूर साहिब के कुलबीर जीरा हैं। उनकी उम्र 43 वर्ष है। भाजपा की ओर से अब तक उतरे प्रत्याशियों में सबसे कम उम्र के रवनीत बिट्टू हैं। उनकी उम्र लगभग 49 वर्ष है। जालंधर से भाजपा प्रत्याशी सुशील रिंकू की उम्र भी लगभग 49 वर्ष है, लेकिन वह बिट्टू से तीन माह बड़े हैं।

**परनीत का अनुभव भी अधिक** : राजनीति की बुजुर्ग योद्धा 79 वर्षीय परनीत कौर की सिर्फ उम्र ही नहीं, ब्लकि अनुभव भी बहुत अधिक है।

वे वर्ष 1999, 2004, 2009 और 2019 में चार बार सांसद बन चुकी हैं। केंद्रीय राज्य मंत्री भी रह चुकी हैं। परनीत कौर से सात माह छोटे शिअद (अ) के प्रमुख और संगरूर से प्रत्याशी सिमरनजीत सिंह मान 1989 से 1991 तक तरनतारन, 1999 से 2004 तक संगरूर और वर्ष 2022 में संगरूर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीतकर तीन बार सांसद बने हैं।




# सत्ता के भागियों एवं योगियों के बीच का चुनाव है 2024 : स्वतंत्रदेव



**निशाने पर**

▶▶ पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन में संवाद करते भाजपा सरकार के कार्यों को गिनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** साल 2024 का ये चुनाव सत्ता के भोगियों और देश की गरीब जनता की सेवा करने वाले योगियों के बीच है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 24 सालों में आजतक कोई छुट्टी नहीं ली। मोदी तपस्वी की तरह दिन रात देश की सेवा में लगे रहते हैं। यह बातें भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रविवार को संतकबीरनगर में कही। वह एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी प्रवीण निषाद और बांसगांव से प्रत्याशी कमलेश पासवान के लिये युवा मोर्चा सम्मेलनों को संबोधित करने पहुंचे थे।


वहीं कुशीनगर लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी विजय दुबे के लिए पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक सम्मेलन में संवाद करते भाजपा सरकार के कार्यों को गिनाया।

## नशे की खेप और ड्रग मनी पकड़ी

**अमृतसर:** हिमाचल प्रदेश के बद्दी क्षेत्र से प्रतिबंधित दवाओं का कारोबार करने वाली कंपनियों में छापामारी कर स्पेशल टास्क फोर्स ने नशे की बड़ी खेप बरामद की है। तीन महीने तक चले इस ऑपरेशन में पुलिस ने 70.42 लाख प्रतिबंधित गोलियां, कैप्सूल, 725 किलो नशीला पाउडर और 2.37 लाख रुपये ड्रग मनी बरामद कर कुल सात आरोपितों को गिरफ्तार किया है। कारोबार का मुख्य सरगना उत्तर प्रदेश के सहारनपुर का एलेक्स पालीवाल है।

**आदेश** जंगबाज की शक्ल में प्रत्याशी और दलों के लिए लोकसभा चुनाव को फतह करना ही अंतिम लक्ष्य

# धुरंधरों ने किस्मत चमकाने के लिए बदली विचारधारा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लखनऊ:** पूर्वांचल में राजनीतिक मैदान तैयार है। जंगबाज की शक्ल में प्रत्याशी और दलों के लिए लोकसभा चुनाव को फतह करना ही अंतिम लक्ष्य है। कई 'धुरंधरों' ने अपनी जीत पक्की करने के इरादे से अपनी विचारधारा बदल दी है। वह पुरानी पार्टी को 'गुडबाय' बोल नए दल के साथ अपनी किस्मत बदलने की कोशिश में हैं। प्रत्याशी ऐसे हैं, जो पहले दूसरी पार्टियों की नीतियों के दम पर वोट मांगते थे। मतदाताओं ने उन्हीं नीतियों और विश्वसनीयता के आधार पर पर वोट दिया, लेकिन इस चुनाव में चेहरे वही हैं लेकिन रास्ते जुदा हैं। नए दल के साथ 'बिसात' पर नई चालें चली जा रहीं हैं। मुकाबले को रोचक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। कई सूरमा के लिए इस बार 'नाक की लड़ाई' है ...।

**वाराणसी:** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय फिर कांग्रेस से ताल ठोक रहे हैं। उन्होंने कई बार अपनी पार्टी बदली है। भाजपा की छात्र शाखा के सदस्य के रूप में करियर शुरू किया। 1996 से 2007 के मध्य लगातार तीन बार भाजपा से कोलासला सीट पर विधायक बने। 2009 में वह सपा में शामिल हुए। वाराणसी लोकसभा का चुनाव लड़े लेकिन हार गए। 2012 में कांग्रेस में शामिल हुए।

**जौनपुर :** कृपाशंकर सिंह भाजपा से चुनावी मैदान में हैं। वह 2004 में महाराष्ट्र की कांग्रेस सरकार में राज्य मंत्री थे। लंबे समय तक महाराष्ट्र कांग्रेस में रहने के बाद वह 2021 में भाजपा में शामिल हुए थे। बाबू सिंह कुशवाहा सपा से ताल ठोंक रहे हैं। वह बसपा के पुराने नेता रहे हैं। जन अधिकार पार्टी भी बनाई।

भाजपा में शामिल हुए लेकिन पार्टी में असंतोष की आवाजें उठीं तो त्यागपत्र दे दिया।